

लोकतंत्र के मंदिर नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर 28 मई 2023 को पर भारत सरकार द्वारा 75 रुपए के विशेष सिक्का जारी किया जाएगा।


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 277/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10  संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल  ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 26 मई 2023  भोपाल से प्रकाशित  dainiksandhyaprakash.in





सांध्यप्रकाश विशेष

## मुख्यमंत्री चौहान का 2 दिवसीय दिल्ली दौरा, नीति आयोग की बैठक में भाग लेंगे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज शुक्रवार रात्रि 9 बजे दिल्ली जायेंगे। दिल्ली में कल 27 मई, शनिवार को प्रातः नीति आयोग द्वारा आयोजित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की गवर्निंग काउंसिल बैठक में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री चौहान परसो 28 मई, रविवार को प्रातः प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा किए जा रहे नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 28 मई रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री चौहान नीति आयोग द्वारा आयोजित सीएम काउंसिल की बैठक में शामिल होंगे और देर शाम भोपाल वापस आयेंगे।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी का गठन

**भोपाल।** राज्य स्तर पर उच्च स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी (सास्स्ट) का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया गया है। इसका गठन राज्य शासन ने सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा



सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण के लिए सब स्कीम (स्स्स) के तहत किया है। समिति में अपर मुख्य सचिव वित्त, प्रमुख सचिव योजना, आर्थिक सांख्यिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/ प्रबंध संचालक, एम.पी.एस.ई.डी.सी. सदस्य होंगें। आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी सदस्य सचिव होंगे।

स्कीम के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समिति सर्वोच्च होगी। समिति स्कीम में की जानी वाली गतिविधियों को अंतिम मंजूरी देगी। इसके बाद केन्द्र स्तर की हाई पावर स्टीयरिंग कमेटी को अनुमोदन एवं एम.ओ.यू. के लिए भेजेगी। यह समिति राज्य स्तर पर प्रक्रियाओं के अनुमोदन एवं लागू की गई गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए निर्णय लेकर समस्याओं का निराकरण करेगी। समिति इस सब स्कीम में भागीदारी करने वाले विभागों/संस्थाओं, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय में समन्वय एवं तेज गति से कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगी।

## वरिष्ठ आईपीएस अफसर प्रवीण सूद बने सीबीआई के निदेशक

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के 1986 बैच के वरिष्ठ IPS अधिकारी प्रवीण सूद ने गुरुवार को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) के निदेशक का पदभार ग्रहण किया. वे इस पद पर आने से पहले कर्नाटक में पुलिस महानिदेशक थे. प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने अंतिम कार्य दिवस के दिन निवर्तमान निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल ने सूद को यहां मुख्यालय में एजेंसी का प्रभार सौंपा. CBI निदेशक का चार्ज लेने के बाद प्रवीण सूद ने अधिकारियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण मामलों की जानकारी ली. प्रवीण सूद, हिमाचल प्रदेश मूल के रहने वाले हैं. उन्हें 2 साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है, लेकिन कार्यकाल 5 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है।



## हाइकोर्ट ने डिप्टी कलेक्टर को फटकारा, खुद को सुप्रीम कोर्ट न समझें!



**जबलपुर।** कोर्ट की कार्रवाई में बीच में बोलने और पूर्व आदेश की मनमानी व्याख्या करने वाले रीवा के डिप्टी कलेक्टर अनुराग तिवारी को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने जमकर फटकार लगाई। साथ ही उन्हें सुप्रीम कोर्ट न समझने की हिदायत भी दी।

जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की ग्रीष्म अवकाशकालीन पीठ एक पूर्व आदेश की मनमानी व्याख्या से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहें थे। हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश का नियत समय अवधि में परिपालन सुनिश्चित न किए जाने पर रीवा के डिप्टी कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। जिस पर डिप्टी कलेक्टर अनुराग तिवारी न्यायालय में हाजिर हुए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर का लिखित जवाब रिकॉर्ड पर दर्ज कराया गया, जिस पर डिप्टी कलेक्टर ने साफ़ किया कि मामले को हाईकोर्ट द्वारा निरस्त किया जा चुका है, यथास्थिति कायम रखने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था की गई है। इतना पढ़ते ही न्यायमूर्ति नाराज हो गए।

### खुद को सुप्रीम कोर्ट समझने की नादानी न करें

न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने डिप्टी कलेक्टर अनुराग तिवारी को सख्त लहजे में समझाया कि आप खुद को सुप्रीम कोर्ट समझने की नादानी बिलकुल भी न करें। अपील को इस दिशा-निर्देश के साथ निराकृत किया गया था कि 90 दिन के अंदर दूसरे पक्ष को विधिवत सुनवाई का अवसर दें और समुचित निर्णय पारित करें। किन्तु प्रशासन ने ऐसा करने की जहमत नहीं उठाई।

### बीच में बोलने लगे डिप्टी कलेक्टर

न्यायमूर्ति डिप्टी कलेक्टर को समझाइश दे ही रहें थे कि वे बीच में बोलने लगे। इस पर कोर्ट ने डिप्टी कलेक्टर को फटकारते हुए कहा कि मामले को गंभीरता से सुनें और अपनी गलती स्वीकार कर सुधार की दिशा में सोचें अन्यथा दिक्कत में पड़ जाएंगे।

# संसद भवन के इनोग्रेशन पर 75 रुपए का सिक्का जारी होगा

## सिक्के के एक तरफ अशोक स्तंभ, तो दूसरी तरफ संसद की तस्वीर होगी

**नई दिल्ली।** 28 मई को नई संसद के इनॉग्रेशन पर 75 रुपए का सिक्का जारी किया जाएगा। इसके एक तरफ अशोक स्तंभ, तो दूसरी तरफ संसद की तस्वीर होगी। इसे कोलकाता की टकसाल में ढाला गया है। इस मौके पर एक स्टाम्प भी लॉन्च किया जाएगा। हालांकि, सरकार ने अब तक सिक्के की फोटो जारी नहीं की है। पीएम नरेंद्र मोदी नए संसद भवन का इनॉग्रेशन करेंगे। समारोह कैसा होगा? इसकी अब तक अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह दो फेज में होगा। पहले फेज के कार्यक्रम गांधी प्रतिमा के पास एक पंडाल में होंगे। यहां सुबह 9~30 बजे तक पूजा और अन्य अनुष्ठान होंगे। दूसरा फेस दोपहर में लोकसभा कक्ष में राष्ट्रगान के गायन के साथ शुरू होगा।



### 75 रुपए के सिक्के का डायमीटर 44 मिमी का होगा

वित्त मंत्रालय के मुताबिक, 75 रुपए का सिक्का गोल होगा। इसका डायमीटर 44 मिमी है। इस सिक्के को 50त्न सिल्वर, 40त्न कॉपर, 5त्न निकेल और 5त्न जिंक के मिक्सर से बनाया गया है। सिक्के के एक तरफ अशोक स्तंभ होगा, जिसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा होगा। बाईं ओर देवनागरी में भारत और दाईं ओर अंग्रेजी में इंडिया लिखा होगा। नए सिक्के में रुपए का साइन होगा और लायन कैपिटल के नीचे 75 रुपए भी लिखा होगा। सिक्के की दूसरी साइड पर संसद परिसर की तस्वीर होगी। तस्वीर के ऊपर देवनागरी में संसद संकुल और नीचे अंग्रेजी में पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स लिखा होगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने संसद के इनॉग्रेशन पर याचिका नहीं सुनी

### याचिकाकर्ता ने पिटीशन वापस ली, कहा- हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए नहीं जाएंगे

**नई दिल्ली।** नई संसद का उद्घाटन 28 मई को होना है। 20 पार्टियों ने इस समारोह का बहिष्कार किया है, वहीं 25 पार्टियां इसमें शामिल होंगी। नई दिल्ली नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से करवाने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने नहीं सुनी। जैसे ही याचिकाकर्ता एडवोकेट जया सुकिन ने दलीलें देनी शुरू कीं, वैसे ही कोर्ट ने कहा- समझ में नहीं आता आप लोग ऐसी याचिका लाते ही क्यों हैं? इसमें आपका क्या इंटरेस्ट है? इसके बाद याचिकाकर्ता एडवोकेट जया सुकिन ने पिटीशन वापस लेने की इजाजत मांगी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल एसजी मेहता ने कहा कि याचिका वापस लेने के बाद ये हाईकोर्ट भी जा सकते हैं। इस ऐतराज पर कोर्ट ने जया सुकिन से सवाल कि अगर आप हाईकोर्ट जाना चाहते हैं तो हम याचिका रद्द कर देंगे। इस पर सुकिन ने कहा- मैं हाईकोर्ट भी नहीं जाऊंगा। मैं नहीं चाहता याचिका रद्द हो, वरना सरकार को ऐसे इनॉग्रेशन का सर्टिफिकेट मिल जाएगा। सुकिन ने गुरुवार को यह याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा था कि लोकसभा सचिवालय ने राष्ट्रपति को इनॉग्रेशन में न बुलाकर संविधान का उल्लंघन किया है।

### शिवराज की समत्व भवन में बैठक

## सलकनपुर का देवी लोक बनेगा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश की पवित्र धरती पर सदैव माँ की कृपा रही है। जहां उज्जैन में भगवान शिव के आशीर्वाद से श्री महाकाल लोक विकसित हुआ है, वहीं अब सीहोर जिले के सलकनपुर में देवी लोक का निर्माण किया जाएगा, इसके लिए आगामी 31 मई को भूमिपूजन एवं शिला पूजन कार्यक्रम होने जा रहा है। सलकनपुर के देवी लोक के निर्माण में जन-जन का योगदान हो, इस उद्देश्य से जन सहयोग से सैकड़ों ग्रामों से ईंट/शिला संकलन का कार्य प्रारंभ हुआ है, जो माँ के चरणों में अर्पित की जाएंगी। श्रद्धालुओं का यह उत्साह और देवी लोक के निर्माण के लिए बना वातावरण मैया की कृपा से ही संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गत 16 मई को मुख्यमंत्री निवास में इन ग्राम और नगर स्तरीय आयोजन समितियों के सम्मेलन को संबोधित किया था।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने देवी लोक महोत्सव के पूर्व ग्रामों से शिलाएं एकत्र करने के लिए रथ यात्रा भी रवाना की थीं। एकत्र शिलाओं का उपयोग देवी लोक के निर्माण के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिर पर देवी जी की चरण पादुका रखकर रथ यात्रा के वाहन के लिए सौंपी थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान ने भी चरण पादुकाएं यात्रा के लिए प्रदान की थीं। देवी लोक निर्माण का प्रकल्प पूरा होने पर परिसर अनेक सुविधाओं से युक्त हो जाएगा। सलकनपुर का देवी लोक का धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन की दृष्टि से विशेष महत्व रहेगा। राजधानी भोपाल से सिर्फ एक डेढ़ घंटे की दूरी होने के कारण इस प्रमुख आराधना स्थल में पहुंचने वालों की संख्या लाखों में रहती है। सीहोर, रायसेन, विदिशा, हरदा, नर्मदापुरम के अलावा अनेक जिलों से श्रद्धालु पद यात्रा करते हुए प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण स्थान सलकनपुर पहुंचते हैं।

## कांग्रेस की बैठक टली

### मध्य प्रदेश-राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए बननी थी चुनावी रणनीति

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में चुनावी सफलता के बाद कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसे लेकर पार्टी अपनी तैयारियों और चुनावी संभावनाओं पर शुक्रवार से दो दिवसीय मंथन शुरू करने वाली थी। हालांकि, फिलहाल इस बैठक को टाल दिया गया है।



सूत्रों के मुताबिक, बैठक में कांग्रेस की मध्य प्रदेश और राजस्थान इकाइयां अपनी तैयारियों और उठाए जाने वाले कदमों पर अलग-अलग चर्चा करने वाली थीं। इसके अलावा पार्टी 27 मई को छत्तीसगढ़ पर रणनीतिक बैठक करने वाली। तेलंगाना और मिजोरम के लिए रणनीतिक बैठकें बाद में होंगी। अब बैठक कब होगी? इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### कर्नाटक में जीत से कांग्रेस उत्साहित

दरअसल, कांग्रेस कर्नाटक में अपनी चुनावी जीत से उत्साहित है। कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ था। इस बार कर्नाटक में भारी बहुमत के साथ कांग्रेस को 135 सीटें मिलीं। भाजपा को 66 सीटों से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा जेडीएस ने 19 और अन्य ने चार सीटें जीतीं।

## मादा चीता का तलाश रही चीता ट्रैकिंग टीम पर फायरिंग, मारपीट भी हुई

**शिवपुरी।** कूनो नेशनल पार्क के बाड़े से बाहर निकली मादा चीता को तलाशने के लिए चीता ट्रेकिंग टीम भी निकली हुई थी। करीब रात 12.30 बजे बूराखेड़ा गांव में टीम पर ग्रामीणों ने फायरिंग कर दी और मारपीट भी की। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने टीम को डकैत समझा और उन्हें भगाने के लिए हवाई फायर कर दिए। पथराव व मारपीट में वन विभाग के चार कर्मचारियों के चोटिल होने की खबर है। इनका मेडिकल पोहरी अस्पताल में कराए जाने की सूचना है।

जानकारी के मुताबिक कूनो नेशनल पार्क से मादा चीता निकली हुई है। उसके गले में लगे जीपीएस के आधार पर वन विभाग की चीता ट्रेकिंग टीम उसे ट्रेक कर रही थी। रात के समय में टीम शिवपुरी के बूराखेड़ा गांव के पास से गुजरी। रात में एक साथ टीम के सदस्यों को जाता देख ग्रामीणों ने मवेशी चोर समझ कर उस पर फायरिंग कर दी। जिससे मवेशी चोर भाग जाएं। लेकिन टीम वापस नहीं लौटी तो ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने टीम के सदस्यों से मारपीट भी कर दी। साथ ही पथराव भी किया। जिसमें वन विभाग का



वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि वन विभाग के चार कर्मचारी इस हमले में घायल हुए हैं।

**इसलिए ग्रामीणों ने हमला-** बताया जाता है कि बूराखेड़ा गांव में पूर्व में दो तीन चोरी हो चुकी हैं और डकैतों का मूवमेंट भी होता रहता है। रात में चीता का तलाश रही वन विभाग की टीम ने वाहन से गांव के दो तीन चक्कर लगाए। ऐसे में ग्रामीणों ने समझा कि डकैत ही हैं। इसलिए किसी ग्रामीण ने हवाई फायर भी किए। लेकिन टीम वापस नहीं लौटी। ऐसे में ग्रामीणों ने उन पर पथराव कर दिया। जिसमें वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

## बीमार सत्येंद्र जैन को 6 हफ्ते की जमानत

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इलाज कराएं और उसके दस्तावेज हमें दिखाएं, बिना इजाजत दिल्ली नहीं छोड़ेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 6 हफ्तों की जमानत दे दी है। 11 जुलाई तक उन्हें कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। 10 जून को उन्हें दोबार कोर्ट में पेश होना होगा।सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा- जैन की सेहत को देखते हुए उन्हें छोड़ा जाए। इस दौरान वे दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम सत्येंद्र जैन को प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने की इजाजत देते हैं। जैन किसी भी गवाह को प्रभावित नहीं करेंगे। अदालत की इजाजत के बगैर वह दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे।



## अफ्रीकी स्वाइन फीवर से मेघालय में 117 सूअरों की मौत, चार जिलों के 11 गांव प्रभावित

**शिलॉन्ग।** अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) के कारण मेघालय में कम से कम 117 सूअरों की मौत हो गई है। पशु चिकित्सा और पशुपालन विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिमी गारो हिल्स जिले के डालू में एक सरकारी खेत में करीब पचास सूअरों की मौत हो गई, जबकि पूर्वी खासी हिल्स जिले के पिनुरसला में एक अन्य सरकारी फर्म में पांच अन्य सूअरों की मौत हो गई। पशु चिकित्सा और पशुपालन विभाग के सचिव डॉ. मंजूनाथ सी ने बताया कि राज्य के चार जिलों में 117 सूअरों की मौत हुई है, जिससे 11 गांव प्रभावित हुए हैं।

# दुनिया के मोदी एकमात्र नेता जिन्हें मिले 10 से ज्यादा देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। ये सभी सम्मान पीएम मोदी के नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिंब हैं जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय को मजबूत किया है। यह दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है।

पीएम नरेंद्र मोदी को हाल ही में फिजी ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किया था. पीएम को यह सम्मान उनकी छह दिवसीय विदेश यात्रा के दौरान पापुआ न्यू गिनी में दिया गया.रिपब्लिक ऑफ पलाऊ की ओर से एबाक्ल अवार्ड से नवाजा गया जो इस देश का सर्वोच्च सम्मान है. यह दोनों सम्मान पीएम मोदी को पापुआ न्यू गिनी में ही दिए गए थे. यह पहली बार नहीं है जब पीएम मोदी को किसी देश ने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा हो. अब तक सऊदी, यूएई, रूस भूटान समेत 10 से ज्यादा देश ऐसे हैं जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने-अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाज चुके हैं. मोदी सरकार के 9 साल 30 मई को पूरे हो रहे हैं, ऐसे में जानते हैं कि अब तक पीएम मोदी को कौन-कौन से देश अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाज चुके हैं।



### पीएम मोदी को अब तक मिले सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- पीएम नरेंद्र मोदी को 2016 में सऊदी अरब की यात्रा के दौरान सऊदी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान किंग अब्दुल अजीज सैश से सम्मानित किया गया था.
- 2016 में ही पीएम मोदी को अफगानिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान अमीर अमानुल्लाह खान पुरस्कार से नवाजा गया था.
- वर्ष 2018 में नरेंद्र मोदी को फिलिस्तीन ने विदेशी गणमान्यों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन से सम्मानित किया गया था.
- 2019 में संयुक्त अरब अमीरात ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद से सम्मनित किया था.
- इसी साल पीएम मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां से सम्मानित किया गया था.
- 2019 में मालदीव ने विदेशी गणमान्यों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान 'निशान इज्जुद्दीन' से पीएम मोदी को नवाजा था.
- 2019 में बहरीन की ओर से पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान द किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां से सम्मानित किया गया था.
- 2020 में यूनाइटेड स्टेट आर्म्ड फोर्सेस की ओर से पीएम मोदी को लीजन ऑफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया था. यह अवार्ड अमेरिकी सरकार की ओर से दिया जाता है.
- 2021 में पीएम मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द ड्रक ग्यालपो से सम्मानित किया गया था.
- 2023 में पापुआ न्यू गिनी में पलाऊ गणराज्य के सर्वोच्च सम्मान एबाक्ल अवार्ड से पीएम मोदी को नवाजा गया.
- पापुआ न्यू गिनी में यात्रा के दौरान ही पीएम मोदी को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से नवाजा गया.
- पापुआ न्यू गिनी में ही पीएम मोदी को ग्रैंड कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू अवार्ड से नवाजा गया. यह पापुआ न्यू गिनी का सर्वोच्च सम्मान है.

# पलक श्रीवास्तव ने 12वीं वाणिज्य में राज्य स्तर पर प्राप्त किया चैथा स्थान



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में हाई स्कूल व हायर सेकेण्ड्री का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, इस परीक्षा में कुल 162 छात्राएं सम्मिलित हुईं। जिसमें वाणिज्य संकाय में पलक श्रीवास्तव ने 95 अंक अर्जित कर राज्य स्तर की प्रावीण्य सूची में चैथा स्थान प्राप्त किया। पलक श्रीवास्तव ने अपनी सफलता का श्रेय संत सिद्ध भाऊ, स्कूल प्रबंधन एवं अभिभावकों को देते हुए बताया कि सिद्ध भाऊ द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन दिया गया एवं परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु सारगर्भित टिप्स बताए गए जिसको अपनाकर मैंने यह मुकाम हासिल किया है इसलिए मैं अपनी सफलता का श्रेय सिद्ध भाऊ को देती हूं और उन्हें नमन करती हूं। साथ ही स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों का भी मेरी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान हैं। मा.शि.मं की प्राणीण्य सूची में पिछले 20 सालों से नगर के 16 विद्यार्थी मैरिट में आएं हैं जिसमें से 11 विद्यार्थी साधु वासवानी स्कूल के हैं।



बारहवीं के वाणिज्य संकाय में भव्या रावत ने 86.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, हिती अग्रवाल ने 81.4 प्रतिशत अर्जित कर में द्वितीय स्थान एवं जैनब फातिमा ने 81.2 प्रतिशत अर्जित कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## कक्षा दसवीं की राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में भूमिका जाट 8वें स्थान पर



**संत हिरदाराम नगर।** चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, गाँधी नगर की छात्राओं का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं की 18 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 28 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये। कक्षा दसवीं की छात्रा भूमिका जाट ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य स्तर पर मेरिट लिस्ट में आठवां स्थान एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यशिका पाहुजा ने 95.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में द्वितीय स्थान एवं मुस्कान साहू ने 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कक्षा

## नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक विद्यालय की छात्राओं को परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने पर प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए




प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बच्चों के प्रति प्यार के लिए जाने जाते हैं। वे हमेशा किसी न किसी तरह से उनसे जुड़े रहते हैं। इसी क्रम में उन्होंने विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पे चर्चा% नामक कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी इस आयोजन के दौरान पूरे देश के छात्रों ,शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ बातचीत करते हैं और तनाव के बिना बोर्ड व प्रवेश परीक्षा कैसे दें, इस पर उपयोगी सलाह देते हैं। नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक विद्यालय के लिए यह बहुत ही गौरव की बात है कि इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने व अपने विचार साझा करने हेतु विद्यालय की छात्राओं में कु. दीक्षा छुगानी, कु. दीक्षा संतानी, कु. योगिता आस्वानी, कु. नैना आनंदानी, कु. खुशबू बच्छानी, कु.अनुषा अग्रवाल, कु. वंशिका पर्यानी, कु. हेमा सतवानी, कु. प्राची चेलानी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए। इसी तारतम्य में भारत में पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई निबंध प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश से चुने गए सर्वेश्रेष्ठ 50 विजेताओं में से नवनिध विद्यालय की छात्रा कु. स्नेहा कुशलानी (कक्षा दसवीं) एवं कु. सुहानी बसंतानी (कक्षा दसवीं) को राज्य स्तरीय विजेता के रूप में चुना गया है। निबंध प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु इन छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप 4000 की राशि व प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं। विद्यालय की शिक्षिका सुश्री हिमांशी लालवानी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता की तैयारी कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी ने उन्हें बधाई देते हुए अपने संप्रेषित संदेश में कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहस के साथ सामना करें एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें तो आप अपने जीवन में अवश्य सफल होंगे। छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था के पदाधिकारियों = उपाध्यक्ष श्री हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव श्री ए.सी. साधवानी, सह-सचिव श्री के एल रामनानी, कोषाध्यक्ष श्री भगवान दामानी अन्य संस्था सदस्यों एवं एकेडमिक डायरेक्टर श्री गोपाल गिरधानी, विद्यालय की प्राचार्य सुश्री अमृता मोटवानी, उप प्राचार्य सुश्री रेखा केवलानी, कोऑर्डिनेटर एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संस्कार स्कूल के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**संत हिरदाराम नगर।** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत और कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। विद्यालय में हाई स्कूल में 95 विद्यार्थी एवं हायर सेकेण्डरी में 87 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए। हाई स्कूल में विद्यालय स्तर पर आकृति शर्मा ने 95.60 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं प्रियांशी राठौर 94.80 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं समीक्षा नागर 94.40 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। हायर सेकण्डरी में वाणिज्य संकाय में कशिश सबरवाल 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हितेश नागर 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, लीना सोभनानी 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। वही विज्ञान संकाय में अदिति कहार एवं जिया श्रीचन्दानी 92.20 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। उदय पाटीदार 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, इशिका देवड़ा 90.40 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान पर रही। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने कठोर परिश्रम करके उत्कृष्ट एवं अपेक्षा के अनुरूप परीक्षा परिणाम प्राप्त किया।

## भोपाल जिले की मेरिट लिस्ट में इशिका साहू हाई स्कूल में रही दूसरे स्थान पर



**संत हिरदाराम नगर।** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्युकेशनल सोसायटी गांधीनगर द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय गांधीनगर भोपाल की छात्रा इशिका साहू पिता अशोक साहू ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा में जिला स्तर में प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भोपाल जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों लक्ष्मीदेवी विक्योमलश शर्राफ विद्यालय का हाई स्कूल परीक्षा परिणाम बेहतर रहा जिसमें 89 छात्राओं में से 56 प्रथम श्रेणी, 22 द्वितीय श्रेणी एवं शेष ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की और प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के हाई स्कूल में 90 छात्रों में से 38 प्रथम श्रेणी, 23 द्वितीय श्रेणी तथा शेष ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की है। लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय का हायर सेकण्डरी का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा है। परीक्षा में सम्मिलित 103 छात्राओं में से 70 प्रथम श्रेणी, 14 ने द्वितीय श्रेणी तथा शेष छात्राओं ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की है एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल का हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। परीक्षा में सम्मिलित 91 छात्रों में से 56 ने प्रथम श्रेणी, 7 ने द्वितीय श्रेणी एवं शेष ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की है। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में लक्ष्मीदेवी स्कूल की छात्रा इशिका साहू ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम एवं जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, छात्रा वंदना पाल ने 94.6 द्वितीय स्थान एवं छात्रा प्रांजल प्रजापति ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के छात्र हर्ष बैरागी ने 95.8 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छात्र कृष्णा पंजवानी ने 93.6 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रूपेश बागवार ने 91.8 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

# कवि सम्मेलन का आयोजन, विधायक रामेश्वर शर्मा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ



**संत हिरदाराम नगर।** अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हरिहर नगर फंदा में किया गया। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने दीप प्रज्वलित का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही आयोजन में सुप्रसिद्ध अखिल भारतीय कवियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति से समा बांध दिया। कवियों ने वीर रस से देश भक्ति के प्रति जनसेवा, महाराणा प्रताप के बलिदान को याद किया और लोगो में संदेश दिया। वही कार्यक्रम में हास्य व्यंग से कवियों ने लोगो का खूब हंसा कर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के आयोजक प्रमोद राजपूत ने बताया हम हर वर्ष महाराणा प्रताप की जयंती पर आयोजन करते है और महाराणा प्रताप के बलिदान को याद करते है इस मौके पर बड़ी संख्या में फंदा एवं हुजूर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने कवि सम्मेलन मैं शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा केदार सिंह मंडलोई केंद्रीय अध्यक्ष गहलोत मेवाड़ा राजपूत समाज एवं जिला अध्यक्ष भाजपा भोपाल ग्रामीण केदार सिंह मंडलोई मुख्य तौर पर उपस्थित रहेंगे। आयोजन में प्रसिद्ध अखिल भारतीय कवि जानी बैरागी (हास्य रस), कविता तिवारी (वीर रस), राम भदावर (वीर रस), शशिकांत यादव (संचालक), चेतन चर्चित (हास्य व्यंग), सत्यपाल सत्यम, सूत्रधार कवि मुकेश जोशी कवि अपने देशभक्ति, विचारों और हास्य व्यंगों से मंच के माध्यम से संदेश, व मनोरंजन कर अपनी प्रस्तुति दी।

## माहेश्वरी महिला संगठन ने खेल, स्वास्थ्य, संस्कृति, धर्म और ज्ञान के कार्यक्रम आयोजित किए

**भोपाल।** माहेश्वरी महिला संगठन मध्यांचल भोपाल द्वारा माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के उपलक्ष्य में संस्कृतिसिद्धा समिति द्वारा प्रादेशिक प्रकल्प पंचामृत कार्यक्रम को कार्यान्वित किया गया जिसमें खेल स्वास्थ्य संस्कृति धर्म और ज्ञान के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम खेल-- ट्रेजर हंट, बैडमिंटन, रस्सा खींच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूसरा स्वास्थ्य के लिए गर्भ संस्कार ,रक्तदान एवं बच्चों को हेल्दी भोजन इन विषय पर परिचर्चा की गई। धर्म और ज्ञान पर आधारित हमारे आराध्य देव शिव जी के अलंकारों का वंचन ,उनकी स्तुति का भी पठन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हमारी प्रदेश अध्यक्ष रंजना जी बाहेती, सम्माननीय अतिथि ग्रामीण विकास समिति की संयोजिका मालती जी मूंदड़ा, संचार समिति की संयोजिका कीर्तिजी सिंगी, अष्टसिद्धा समिति संयोजिका सुनीता जी माहेश्वरी, जिला जिला उपाध्यक्ष सुधा जी जाखोटिया, जिला कोषाध्यक्ष उमाजी काबरा ,जिला सांस्कृतिक सचिव विनीता जी बाहेती की गरिमामय उपस्थिती में यह



## रिडेवलपमेंट स्कीम के तहत बेरसिया उपनगर को विकसित करेगा भोपाल विकास प्राधिकरण

**भोपाल।** भोपाल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी एवं उपाध्यक्ष सुनील पांडे एवं अनिल अग्रवाल लिली ने बेरसिया विधायक विष्णु खत्री के साथ दौरा किया। डेवलपमेंट स्कीम के तहत यहां पर पीडब्ल्यूडी एवं जनपद के जर्जर मकानों को तोड़ कर नए मकान बनाने की योजना पर बनाई जाएगी। साथ ही बीज विकास निगम की पुरानी कॉलोनी को भी स्कीम मैं लिया जाएगा. उनके साथ स्थानीय विधायक विष्णु खत्री के साथ तहसील और जनपद. कार्यालय के सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल का 10वीं एवं 12वीं परीक्षा का बेहतर परिणाम



**भोपाल।** 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल जवाहर चौक बेहतरीन प्रदर्शन किया है यहां छात्र बिजनेस जैसे विषयों में पूर्ण अंक हासिल किए हैं प्राचार्य डॉ रेखा शर्मा ने बताया कि विगत 2 साल करोना के बाद छात्रों के अध्ययन के लिए टीचर्स को काफी मेहनत करनी पड़ी और 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में अध्यापकों द्वारा की गई इस मेहनत का बेहतर प्रतिसाद मिला है डॉ रेखा शर्मा ने उम्मीद जताई कि आगे भी मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल जवाहर चौक बेहतर प्रदर्शन करेगा।

## डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी बने स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के पहले कुलाधिपति



**भोपाल।** नई शिक्षा नीति और एनएसक्यूएफ के अनुरूप मध्यप्रदेश के एकमात्र कौशल विश्वविद्यालय स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के पहले कुलाधिपति के पद पर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी को नियुक्त किया गया है। करीब 17 वर्षों का कार्य अनुभव रखने वाले डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी वर्तमान में आईसेक्ट सोसायटी के सचिव हैं। साथ ही वे आईसेक्ट समूह में बतौर एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट स्ट्रेटजी और ऑपरेशन्स की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। आईसेक्ट समूह भारत का अग्रणी सामाजिक उद्यम है जो देश के अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन, स्टार्ट-अप, इनक्यूबेशन और उद्यमिता, ऑनलाइन लर्निंग, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट और प्री-स्कूलों के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर काम कर रहा है ताकि समाज में समावेशी बदलाव लाया जा सके। गौरतलब है कि भोपाल स्थित स्कोप ग्लोबल स्किल्स (एसजीएस) विश्वविद्यालय मध्य भारत का पहला एनईपी और एनएसक्यूएफ आधारित कौशल विश्वविद्यालय है। यूजीसी के 2एफ अधिनियम के तहत 2023 में स्थापित यह आईसेक्ट समूह का एक हिस्सा है, जो भारत में एक प्रमुख शिक्षा और कौशल विकास संगठन है। स्कोप ग्लोबल स्किल्स (एसजीएस) यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री ग्रेड लैब्स में उद्योग के विशेषज्ञों की मदद से और इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप के माध्यम से व्यावहारिक उद्योग एक्सपोजर प्रदान करती है जिससे उद्योग की मांग के अनुरूप कुशल पेशेवरों को तैयार कर सके।

# गर्मियों को मात देकर पाएं सेहतमंद दमकती त्वचा: डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता

भोपाल। तेज पराबैंगनी (यूवी) किरणों ज्यादा तापमान और उमस के कारण गर्मी का मौसम विशेष रूप से त्वचा के लिये कठोर हो सकता है इसलिये इस मौसम में कम से कम 30 एसपीएफ वाला सनस्क्रीन लगाकर सुरक्षात्मक कपड़े पहनकर और एसपीएफ गुणों वाली चीजें जैसे कि बादाम खाकर अपनी त्वचा की अतिरिक्त देखभाल करना जरूरी है। बादाम खाना आपकी त्वचा को भीतर से मदद देने और आपके द्वारा पहले से किये जा रहे कामों को सहयोग देने का एक तरीका हो सकता है जैसे कि सनस्क्रीन लगाना ताकि आपकी त्वचा यूवीबी किरणों से सुरक्षित रहे। रोजाना बादाम खाने से यूवीबी प्रकाश के लिये त्वचा की प्रतिरोधकता भी बढ़ सकती है। अपने ब्यूटी रेजिम के तहत रोजाना बादाम खाने की आदत डालें! चाहे आप घर पर हों काम कर रहे हों या यात्रा बादाम कभी भी खा सकते हैं। डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता, स्किन एक्सपर्ट और कॉस्मेटोलॉजिस्ट ने कहा बादाम खाना आपकी त्वचा को भीतर से मदद देने और आपके द्वारा पहले से किये जा रहे कामों को सहयोग देने का एक तरीका हो सकता है जैसे कि सनस्क्रीन लगाना ताकि आपकी त्वचा यूवीबी किरणों से सुरक्षित रहे। रोजाना बादाम खाने से यूवीबी प्रकाश के लिये त्वचा की प्रतिरोधकता भी बढ़ सकती है। अपने डाइट रुटिन में रोजाना एक मुट्ठी बादाम और साथ ही फल तथा सब्जियाँ लेने से पराबैंगनी किरणों के लिये आपकी त्वचा की प्रतिरोधकता बढ़ाने में मदद मिल सकती है गंदगी से छुटकारे के लिये सफाई और एक्सफोलियेट करें त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिये एक सौम्य एक्सफोलियेटिंग स्क्रब का इस्तेमाल करें और चमकदार तथा तरोताजा दिखने में अपनी त्वचा की मदद करें। एक्सफोलियेटर के तौर पर आप बादाम का इस्तेमाल कर सकती हैं, क्योंकि वे आपकी त्वचा से मृत कोशिकाओं को हटाने और नई कोशिकाएं बनाने में मदद करती हैं। बादाम त्वचा को सुखाए बिना छिद्रों के भीतर से गंदगी निकालने में मदद कर सकती हैं। अपनी त्वचा को विटामिन ई की ताकत दें बादाम में स्वास्थ्यकर वसा और विटामिन ई (अल्फा-टोकोफोरॉल) होता है, जिनमें एंटी-एजिंग के गुण होते हैं, जोकि त्वचा की सेहत को फायदा दे सकते हैं। अपने ब्यूटी रेजिम के तहत रोजाना बादाम खाने की आदत डालें! चाहे आप घर पर हों, काम कर रहे हों या यात्रा, बादाम कभी भी खा सकते हैं।

## गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल के 2 छात्र टॉप टेन सूची में



**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणामों में ईदगाह हिल्स स्थित गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल शानदार उपलब्धि हासिल की है। टॉप टेन में विद्यालय के 2 बच्चों ने स्थान हासिल किया है। हर्षिता नारायणी ने 5वीं रैंक एवं चारु मतानी ने 10 वीं रैंक हासिल की है। स्कूल की प्राचार्य सुरजीत कौर ने बताया कि दसवीं का परीक्षा परिणाम 89.4 प्रतिशत और 12वीं का परीक्षा परिणाम 8प्रतिशत रहा है। दसवीं की परीक्षा में 24 बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि 12वीं परीक्षा में 26 बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। बच्चों की उपलब्धि पर गुरु नानक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सचिव कर्नल डॉक्टर के एस सलूजा एवं कोषाध्यक्ष सरदार जे बी सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## आरिफ मसूद के खिलाफ थाने में की शिकायत

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पार्षद बाबूलाल यादव, पार्षद अरविंद वर्मा और अरेरा मंडल के नेता मुकुल लोखण्डे ने मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक आरिफ मसूद के खिलाफ हबीबगंज थाने पहुंचकर डीसीपी और थाना प्रभारी को आवेदन दिया। बाबूलाल यादव और मुकुल लोखण्डे ने बताया कि आवेदन में मध्य विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य हेतु महापौर मालती राय द्वारा प्रदेश सरकार की कायाकल्प अभियान योजना के अंतर्गत पार्षदों के लिए राशि स्वीकृत करायी जाती है। उन विकास कार्यो के पूर्ण होने पर विधायक आरिफ मसूद अपने दंबगई का इस्तेमाल करके स्वयं के नाम की पट्टिका एवं बोर्ड लगवा दिए जाते है। आरिफ मसूद के गुंडे, बदमाश जनता को धमकाते हुए बगलाने का काम भी करते है। नेताद्वय ने बताया कि इसी की शिकायत आज हबीबगंज थाने में की गयी है। जिसको लेकर आरिफ मसूद के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। इस अवसर पर झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक निखलेश मिश्रा, पार्षद अरविन्द वर्मा, राजेन्द्र राजपूत, मनोज साहू, नितिन यादव, कुलदीप नामदेव, जीत मिसोदे सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुलपति ने कन्या छात्रावास में जिम का किया उद्घाटन



**भोपाल ।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी स्थित नवीन परिसर के नर्मदा कन्या छात्रावास (गर्ल्स हॉस्टल) में जिम का उद्घाटन कुलपति प्रो (डॉ) केजी सुरेश ने किया ।कुलपति प्रो. सुरेश ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य भी जरुरी है, इसलिए जिम का होना आवश्यक है । कन्या छात्रावास के जिम में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस उपकरणों को रखा गया है ।इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी, चीफ वार्डन डॉ.सुनीता द्विवेदी, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, हॉस्टल की बालिकाएं उपस्थित थीं ।

## तकनीकी शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल मंत्री से मिला



**भोपाल।** तकनीकी शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल ने पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री रामखेलावन पटेल से सौजन्य भेंट की एवं संघ ने निवेदन किया की उनके नेतृत्व में तकनीकी शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर 2004 नियुक्त शिक्षकों का संविलियन हेतु निवेदन करना चाहता है इस पर मंत्री ने कहा की अगली कैबिनेट मीटिंग के दिन तकनीकी शिक्षक संघ को मुख्यमंत्री से मिलवाया जाएगा। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल मैं डॉ वीरेंद्र कुमार, प्रोफेसर उदय चौरसिया अध्यक्ष तकनीकी शिक्षक संघ, प्रोफेसर ओपी श्रीवास्तव एवं प्रोफेसर मनीष अहिरवार साहब उपस्थित रहे।

### अजय सिंह से मिले एआईसीसी सदस्य पांडे



**इटारसी।** एआईसीसी सदस्य शिवाकांत गुड्डन पांडे भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर मिले कांग्रेस के दिग्गज नेता अजय सिंह से , दोनों ही नेताओं के बीच लगभग आधा घंटा तक चर्चा हुई इस दौरान श्री सिंह ने श्री पांडे से नर्मदा पुरम जिले की राजनीति को लेकर चर्चाएं की इस दौरान श्री सिंह ने श्री पांडे को भरोसा दिलाया इस बार कार्यकर्ताओं की पसंद का उम्मीदवार मैदान में उतारा जाएगा। भरोसा दिलाया कि आयातित उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया जाएगा ।

# अधिकारियों ने लिया देवी लोक महोत्सव की तैयारियों का जायजा

### देवीधाम सलकनपुर में मनाया जाएगा तीन दिवसीय देवी लोक महोत्सव

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



देवीधाम सलकनपुर में 29 से 31 मई तक तीन दिवसीय देवी लोक महोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान सलकनपुर में अनेक सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। देवीलोक महोत्सव में 31 मई को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे और देवीलोक की आधारशिला रखेंगे। समारोह में एक लाख से अधिक नागरिक शामिल होंगे। देवी लोक महोत्सव को भव्य स्वरूप प्रदान करने तथा देवी लोक महोत्सव की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कमिश्नर मालसिंह, आईजी अभय सिंह, डीआईजी श्रीमती मोनिका शुक्ला, कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा एसपी मयंक अवस्थी ने सलकनपुर में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों से देवी लोक महोत्सव के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करें। उन्होंने देवी लोक महोत्सव में श्रद्धालुओं के आने एवं बैठने के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को पेयजल के लिए मुख्य स्थानों पर पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने समारोह स्थल पर आगमन, निर्गम, बैरिकेटिंग, पेयजल, विद्युत, शौचालय सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में एसपी अवस्थी ने कहा कि देवी लोक महोत्सव में भारी संख्या में नागरिकों के शामिल होने से यातायात बाधित न हो और सभी वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो, इसके लिए पुलिस अधिकारी पर्याप्त अमले की ड्यूटी लगाएं। कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण तीन दिवसीय देवी लोक महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कमिश्नर मालसिंह, आईजी अभय सिंह, डीआईजी श्रीमती मोनिका शुक्ला, कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा एसपी मयंक अवस्थी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और देवी लोक महोत्सव के लिए चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने तथा देवी लोक महोत्सव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### बाढ़, प्राकृतिक आपदा की अग्रिम तैयारी की बैठक संपन्न

# संबंधित विभाग बारिश के पहले सभी आवश्यक व्यवस्था कर ले : कलेक्टर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




शहर में बाढ़ और आपदा प्रबंधन के लिए सभी संबंधित विभाग समय से पूर्व आवश्यक तैयारी कर ले और 10 जून के पहले आपात व्यवस्थाओं का डेमो भी कर ले, विशेषकर एसडीआरएफ, नगर निगम और स्वस्थ्य विभाग संयुक्त रूप से रिहर्सल कर ले।

कलेक्टर आशीष सिंह ने आपदा प्रबंधन की कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सभी विभागों को निर्देश दिए । कलेक्टर सिंह ने कहा कि विगत वर्ष जिले में कोई मानव क्षति नही हुई थी। इस बार आपात व्यवस्था और अति वर्षा की स्थिति से निपटने के लिए पूर्व के वर्षो की आवश्यकता अनुसार कर्रवाई सुनिश्चित करे। बेहतर आपात प्रबंधन के लिए वर्षा पूर्व ही आपात केंद्र स्थापित कर ले ।इस बार यह आकलन कर ले कि लगातार पानी गिरने पर पानी निकासी की व्यवस्था कैसे करनी है। नाले किनारे रह रहे लोगों के लिये आपात प्लान बना ले।

बैठक में सीईओ ऋतुराज सिंह, एडीएम भूपेन्द्र गोयल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, सभी एसडीएम, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड और अन्य विभागों के अधिकरी उपस्थित रहे। कलेक्टर आशीष सिंह ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भोपाल के मेजर मीडियम एवं अन्य जिलों से लगे हुए बांध के पानी से आने वाली बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करें। अस्थाई निवासरत नागरिकों के विस्थापन की व्यवस्था करें। जिले के मार्गों पर छोटे पूल, पुलिया एवं रपटा पर संबंधित विभाग सूचना के बोर्ड लगाए। ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों के सरपंच, सचिव, पटवारी, पटेल, कोटवार, जनप्रतिनिधि वाट्सएप ग्रुप बनाए ताकि विषम परिस्थितियों में संदेश आसानी से पहुँच सके। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर समय ही सबसे महत्वपूर्ण फैक्टर होता है। जितने कम समय में हम राहत नागरिकों तक पहुँचाई जा सके और जिले में जरूरी होने पर रेस्क्यू ऑपरेशन तुरंत शुरू किया जा सके। इसके लिए कि सभी संबंधित विभाग चेक लिस्ट तैयार करें। नगर निगम नालों को सफाई व्यवस्था और नालियों के साथ पानी भराव की जगह की चिन्हित कर निकासी का प्रबंध करे, नालों से अतिक्रमण और अवरोधों को हटाने का काम समय से पूर्व पूरा करे। आपात स्थिति से निपटने के लिए नाव, रस्सी, टॉर्च, छोटे जनरेटर सेट, वैकल्पिक रुकने के स्थानों को भी चिन्हित कर व्यवस्था बना ले।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने चलेगा विशेष अभियान

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की प्रारंभिक गतिविधियाँ 25 मई 2023 से शुरू हो गई है। प्रदेश में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधि 4 अक्टूबर 2023 तक चलेगी। इस दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं के नाम हटाने, वोटर आईडी कार्ड में संशोधन के लिए शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर भी लगाएं जाएंगे। समस्त 52 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने, मतदाताओं को 2 किमी से अधिक दूरी न तय करना पड़े, एक मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाताओं की संख्या न होने, एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर होने के निर्देश जारी किए गए हैं। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्री-रिवीजन गतिविधि के दौरान 25 मई से 23 जून तक बीएलओ अपने मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य किया जाएगा। प्रदेश के सभी 64 हजार 100 मतदान केंद्रों, जिला मुख्यालयों में 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। राजनीतिक दलों को प्रारूप की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, मृत मतदाता और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही जो नागरिक 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 साल की उम्र पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन लिए जाएंगे। 2 अगस्त से 31 अगस्त तक समस्त बीएलओ अपने अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2023 को 18 साल की उम्र पूरी करने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र होंगे। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

## बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर मिलेगा पुरस्कार

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना घोषित की है। अवैध उपयोग की सूचना देने पर निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सफल सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है।

बिजली के अवैध उपयोग/चोरी के संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय एवं क्षेत्रीय मुख्यालयों के अलावा क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को भी लिखित अथवा दूरभाष पर सूचना दी जा सकती है। सूचनाकर्ता की जानकारी गोपनीय रखने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की रहेगी। कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी को सूचनाकर्ता नहीं माना जाएगा। सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान कंपनी मुख्यालय से किया जाएगा। प्रोत्साहन राशि सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी। प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी ढाई प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। कंपनी मुख्यालय में इस योजना के क्रियान्वयन के लिए विजिलेंस सेल गठित किया गया है। इस विजिलेंस सेल को भी सूचना भेजी जा सकती है। विजिलेंस सेल का पता है- विजिलेंस सेल, कार्यालय प्रबंध संचालक, म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि., गोविन्दपुरा भोपाल। इसके अलावा कॉल सेन्टर के नंबर 1912 अथवा क्क्ड्ड एप पर भी सूचना देने का विकल्प है।

# कार्यशाला में 7 राज्यों ने की शिरकत, उत्पादों का प्रदर्शन एवं वायर-सेलर मीट हुई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय अंतर्गत राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा ''उत्पादक समूहों के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण'' विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला भोपाल में हुई। पहले दिन राष्ट्रीय आजीविका मिशन दिल्ली की टीम द्वारा और राज्यों एवं सहयोगी संस्थाओं के द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। दूसरे दिन स्वङ्कसहायता समूहों के उत्पादों का प्रदर्शन तथा वायर-सेलर मीट का आयोजन हुआ। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास मलय श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव केन्द्रीय ग्रामीण विकास चरणजीत सिंह, संचालक राष्ट्रीय आजीविका मिशन राघवेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एल.एम. बेलवाल, स्टेट मिशन डायरेक्टर आजीविका मिशन गुजरात मनीष बंसल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर आजीविका राजस्थान हरदीप सिंह चौपडा, उप निदेशक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन रमन बाधवा ने कार्यशाला को संबोधित किया। मध्यप्रदेश सहित 7 राज्यों, सहयोगी संस्थाओं तथा क्रेता कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में भागीदारी की।

उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दीन दयाल अंत्योदय योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत निर्धन श्रेणी के परिवारों का सामाजिक आर्थिक सशक्तीकरण किया जा रहा है। समूहों से जुडी महिलाओं को आजीविका के एक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिये मिशन द्वारा वित्तीय सहायता एवं प्रशिक्षण देकर सहयोग किया जाता है। विभिन्न प्रकार की कृषि एवं गैर कृषि आधारित आजीविका गतिविधियों के रूप में किये जा रहे कामों से महिलाओं द्वारा अनेकों प्रकार के आजीविका उत्पाद बनाये जा रहे हैं। इन उत्पादों की बिक्री के लिये इन्हें डिजीटल प्लेटफार्म पर लाने के साथ उत्पादों की पहुँच बड़े बाजारों में सक्रिय क्रेताओं तक भी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वृहद बाजारों से जुड कर व्यवसाय में वृद्धि होने से समूह सदस्यों की आय में वृद्धि होगी, जिससे वे गरीबी से मुक्ति पाकर समृद्धि की ओर तेजी से आगे बढ सकेंगी। महिला उत्पादक समूहों से महिलाओं के सशक्तीकरण के लिये वर्तमान में क्या-क्या किया जा रहा है, निकट भविष्य में क्या किया जायेगा, इन बिन्दुओं पर कार्यशाला में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, झारखण्ड एवं तेलंगाना शामिल हुए। केन्द्र सरकार की आधा दर्जन से अधिक सहयोगी संस्थाओं तथा लगभग दो दर्जन क्रेता कंपनियों ने भाग लिया।

# एम्स में ब्रेन एंट्रेनमेंट एज़ ए टूल ऑफ़ न्यूरोमॉड्यूलेशन वर्कशॉप का हुआ आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स के फिजियोलॉजी विभाग ने प्रो. डॉ. अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक और सीईओ, एम्स भोपाल के संरक्षण में, ब्रेन एंट्रेनमेंट एज़ ए टूल ऑफ़ न्यूरोमॉड्यूलेशन पर एक अत्यधिक जानकारीपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया । 25 मई 2023 को आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य न्यूरोमॉड्यूलेशन के क्षेत्र में मस्तिष्क के संभावित अनुप्रयोगों में अनुसंधान का अवलोकन करना था । प्रो. (डॉ.) संतोष वाकोड़े, फिजियोलॉजी विभाग के प्रमुख ने इस कार्यक्रम के विशिष्ट अध्यक्ष के रूप में कार्य किया । फिजियोलॉजी के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ वरुण मल्होत्रा ने कार्यशाला के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए आयोजन सचिव के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । कार्यशाला के मुख्य आकर्षण में से एक डॉ. पैट्रिक पोर्टर द्वारा दिया गया आकर्षक ऑनलाइन व्याख्यान था, जो क्वांटम यूनिवर्सिटी हवाई, यूएसए में ब्रेन-बेस्ड स्टडीज के डीन हैं । ब्रेन टैप एज़ ए टूल ऑफ़ न्यूरोमॉड्यूलेशन पर डॉ. पोर्टर की प्रस्तुति ने प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया, चिकित्सीय उद्देश्यों के लिए मस्तिष्क गतिविधि को संशोधित करने में इस तकनीक की क्षमता पर प्रकाश डाला । एम्स भोपाल में फिजियोलजी के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. वरुण मल्होत्रा ने हृदय गति परिवर्तनशीलता पर ब्रेनवेव एंट्रेनमेंट (बीडब्ल्यूई) का प्रभाव - साक्ष्य और हमारा अनुभव पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की । उनकी प्रस्तुति ने हृदय गति परिवर्तनशीलता पर ब्रेनवेव एंट्रेंसमेंट के प्रभाव से संबंधित मूल्यवान साक्ष्य और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान किए । कार्यशाला में 125 एमबीबीएस छात्रों और 60 अन्य छात्रों को भाग लेने के लिए निमंत्रण मिला । पूरे भारत के विभिन्न स्थानों से 25 प्रतिभागी भी ऑनलाइन कार्यशाला में शामिल हुए ।

समृद्ध सत्रों के अलावा, फिजियोलॉजी विभाग ने इस क्षेत्र में आगे के शोध और अन्वेषण के लिए समर्पित एक अत्याधुनिक सुविधा, ब्रेन एंट्रेनमेंट लेबोरेटरी का उद्घाटन किया । प्रो. डॉ. अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक और सीईओ, एम्स भोपाल ने वैज्ञानिक ज्ञान और स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं को आगे बढ़ाने के लिए एम्स भोपाल की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए प्रयोगशाला का उद्घाटन किया । न्यूरोमॉड्यूलेशन के एक उपकरण के रूप में ब्रेन एंट्रेनमेंट कार्यशाला एक शानदार सफलता साबित हुई, जो ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करती है और न्यूरोमॉड्यूलेशन के क्षेत्र में नई संभावनाओं को बढ़ावा देती है । एम्स भोपाल चिकित्सा विज्ञान के विकास और उन्नति में योगदान देने वाली ऐसी पहलों के प्रति समर्पित है ।

## एम्स भोपाल में स्नातकोत्तर मेडिकल छात्रों के लिए रिसर्च मेथडोलॉजी वर्कशॉप का आयोजन किया

एम्स भोपाल रिसर्च सेल अपने एमडी/एमएस/डीएम/एमसीएच के मेडिकल छात्रों और एमएससी नर्सिंग छात्रों के लिए एक व्यापक तीन दिवसीय शोध पद्धति कार्यशाला आयोजित कर रहा है ताकि उन्हें संस्थान में अपने तीन साल के शैक्षणिक कार्यकाल के दौरान गुणवत्तापूर्ण शोध/थीसिस कैसे संचालित करना सिखाया जाए । संस्थान यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों द्वारा की गई थीसिस उच्च गुणवत्ता वाली है और चिकित्सा अनुसंधान में प्रभाव डालती है और साथ ही छात्रों को अच्छी गुणवत्ता वाले शोध करने के लिए उपयुक्त तकनीक भी सिखाती है । इस कार्यक्रम का उद्घाटन 24 मई 2023 को प्रो (डॉ) अजय सिंह ने किया, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शोध को न केवल पाठ्यक्रम के एक हिस्से के रूप में आवश्यक है, बल्कि आजकल प्रकाशित होने वाले ढेरों शोध पत्रों से उपयुक्त और प्रासंगिक ज्ञान को आत्मसात करने की भी आवश्यकता है । संस्थान के विभिन्न नैदानिक और परा-नैदानिक विभागों के कुल 56 छात्र कार्यशाला में भाग ले रहे हैं और संस्थान के आंतरिक संकाय सदस्य अनुसंधान प्रोटोकॉल लेखन के विभिन्न पहलुओं जैसे परिचय, कार्यप्रणाली, संदर्भ प्रबंधक सॉफ्टवेयर, अध्ययन डिजाइन और नमूना गणना आदि पर उपदेशात्मक व्याख्यान देंगे । यह छात्रों को अपनी थीसिस का संचालन करने के लिए आत्मनिर्भर बना देगा और थीसिस के इन विभिन्न पहलुओं के प्रबंधन में दूसरों पर निर्भर रहने से बचने में मदद करेगा । छात्रों को पूर्व और बाद के परीक्षण प्रश्नावली के साथ शामिल किया गया है और उनके पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में कार्यशाला के अंत में एक अंतिम परीक्षा भी उत्तीर्ण की जानी है ।

# जान लेवा अंधविश्वास में जकड़ा भारत



निर्मल रानी

बावजूद इसके कि हमारा देश अब विकास और आधुनिकता की राह पर सरपट दौड़ रहा है। उसके बावजूद हमें अपने देश में व्याप्त सदियों पुराने अंधविश्वास से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। एक तरफ़ तो तमाम ठग व निठल्ले लोग अंधविश्वास में जकड़े लोगों से धन ऐंठ कर अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं तो दूसरी ओर पागलपने की हदें पार करता जा रहा यही अंधविश्वास इस कुचक्र में उलझे लोगों की जान का दुश्मन बन चुका है। निश्चित रूप से अशिक्षित लोग इस कुचक्र में कुछ ज़्यादा ही उलझे हुये हैं परन्तु स्वयं को शिक्षित कहने वाले लोग भी अंधविश्वास के कुप्रभाव से सुरक्षित नहीं हैं। उदाहरण के तौर पर विगत कुछ वर्षों से महिलाओं ने अपने पैरों में काला धागा बांधना शुरू कर दिया है। जिसे देखो वही अपने एक पैर में काला धागा बांधे हुये है। क्या शिक्षित क्या अशिक्षित सभी अपने पैरों में काला धागा बांधकर न जाने क्या हासिल करना चाहते हैं और कौन सी सिद्धि प्राप्त करना चाहते हैं। महिलाओं तक फैला यह अन्धविश्वास अब धीरे धीरे देश के युवाओं को भी अपनी गिरफ़्त में लेता जा रहा है और इस की नक़ल कर युवा भी अपने पैरों में काला धागा बांधना शुरू कर चुके हैं। अंधविश्वास की लहर केवल अशिक्षित,गांव देहात अथवा ग़रीबों तक ही सीमित नहीं है बल्कि लगभग समग्र भारतीय समाज इसका शिकार है। और इसकी जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि इस चक्रव्यूह से बाहर निकल पाना भी अब मुश्किल नज़र आता है।

अपने घरों या व्यावसायिक ठिकानों पर नींबू मिर्च लटकाने से आख़िर किस समस्या का समाधान निकलता है कोई नहीं जानता परन्तु लटकाता ज़रूर है। जब नींबू मिर्च लटके लटके सूख जाती है तो उसे बदल कर नींबू मिर्च का नया %सेट% लटका दिया जाता है। गली मोहल्लों में घूम घूम कर शनि देवता का भय दिखाकर लोगों से पैसे ऐंठने वाले निठल्ले हट्टे कट्टे लोग स्वयं प्रत्येक शनिवार को थोक के भाव से नींबू मिर्च की माला बनाये हुये सेट लेकर गली गली घूमते हैं। वे इसे बेचते नहीं बल्कि स्वयं लोगों के घरों पर लटका देते हैं। और नींबू मिर्च के लटकने में बरकत या सुरक्षा की उम्मीद रखने वाला व्यक्ति अपनी जेब ढीली कर शनि के उस %एजेंट% को अपनी श्रद्धा अनुसार भुगतान कर देता है। और यही इस विश्वास व अंधविश्वास के पीछे छुपा हुआ असली व्यवसायिक खेल है।

अंधविश्वास का यह खेल उस समय और अधिक चिंताजनक हो जाता है जब यह लोगों की जान लेने पर उतारू हो जाये। आये दिन अंधविश्वास में जकड़े लोगों द्वारा अपनी या अपने परिवार के सदस्यों की जान देने, मानव बलि चढ़ाने या दूसरों की बलि लेने जैसे दिल दहलाने जैसी घटनायें अंजाम दी जाती हैं। पिछले दिनों गुजरात के राजकोट ज़िले के वीछिंया तालुका नामक एक गांव में इसी तरह का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया। कथित तांत्रिक क्रिया करने के बाद एक दंपत्ति ने हवन कुंड में अपने सिर काटकर अपनी ही आहुति दे दी। बताया जा रहा है कि मृतक 38 /35 वर्षीय इस दंपति ने अपने सिर क़लम करने के लिए स्वयं ही एक ऐसा तेज़ धार हथियार तैयार किया था जिससे दोनों के सिर कटकर सीधे हवन कुंड में ही गिरें। हवन कुंड के पास ही एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें इस दंपत्ति ने स्वेच्छा से अपनी जान देने की बात लिखी है। 50 रुपए के स्टांप पर लिखे गये इस सुसाइड नोट में लिखा है - %जय भगवान, जय भोलेनाथ, हम दोनों स्वेच्छा से अपने हाथों से अपने प्राण त्याग रहे हैं। हमारे घर वाले बहुत अच्छे से रह रहे हैं। मेरे भाई भी हम लोगों को बहुत चाहते हैं। आज तक उनकी मेरी पत्नी से कोई ग़लत बात नहीं हुई। वे सभी हमारा बहुत ख़याल रखते हैं। इसलिए उनसे किसी तरह की पूछताछ न की जाए। हम अपनी मर्ज़ी से अपने प्राण त्याग रहे हैं। इसलिए हमारे परिवार के किसी भी सदस्य को परेशान न किया जाए। इस सुसाइड नोट से यह भी ज़ाहिर है कि इस दंपत्ति को किसी तरह की परिवारिक परेशानी या तनाव भी नहीं था। बल्कि यह आत्म हत्याकांड पूरी तरह से केवल अन्धविश्वास से जुड़ा मामला था।

इसी तरह पिछले दिनों झारखण्ड राज्य के नक्सल प्रभावित ज़िले लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हेसला गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। यहां ग्रामीणों ने 76 व 72 वर्षीय एक वृद्ध दंपती की लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। ग्रामीण लोग इस वृद्ध दंपत्ति की पुत्रवधू बसंती देवी की भी हत्या करना चाह रहे थे परन्तु वह किसी तरह पास के जंगल में भाग कर छिप गयी और अपनी जान बचाने में सफल रही। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि घटना के दिन पड़ोस के दूसरे गांव का एक पाखंडी ओझा अपने कुछ साथियों के साथ हेसला गांव आया। यहां कुछ ग्रामीणों के साथ उनकी बैठक हुई।बैठक में ग्रामीणों ने ओझा के उकसाने पर इस वृद्ध दंपती पर डायन बिसाही होने का आरोप लगाया दिया और दंपती की पिटाई का फ़रमान सुना दिया। इस वृद्ध दंपति को उसी बैठक में उनके घर से बुलाकर पूछताछ की गई। इस दौरान वहां मौजूद ओझा और अन्य ने उन्हें दंडित करने की बात कही और साथ ही साथ उसी समय पूरी क्रूरता से लाठी-डंडे से उनकी पिटाई की जाने लगी। दो दर्जन से भी अधिक आक्रोशित ग्रामीण वृद्ध दंपत्ति की लाठी-डंडे से लगातार जमकर पिटाई करते रहे। पिटाई से बुरी तरह घायल वृद्ध दंपती लोगों से मदद गुहार लगाते रहे परन्तु निर्दयी ग्रमीणों ने उनकी एक न सुनी। आख़िरकार वे ख़ून से लथपथ हो गये और अचेत हो होकर गिर गए। अफ़सोस यह कि उनके अचेतावस्था में गिरने के बाद भी लाठी डंडों से उनकी पिटाई का सिलसिला जारी रहा और आख़िरकार उनकी मौत हो गयी। ख़बर तो यह भी है कि ओझा ने बैठक के बाद लाठी-डंडो से पिटाई करने के साथ साथ उनके शरीर से सिर को अलग करने के लिए तेज़ धार हथियार भी मंगाया था। देश के किसी न किसी कोने में आय दिन होने वाली इसतरह की घटनायें हमें यह सोचने के लिये मजबूर करती हैं कि विकास और आधुनिकता की राह पर चलने का दावा करने वाला हमारा देश अभी भी जान लेवा अंधविश्वास में बुरी तरह जकड़ा हुआ है।

## वीर दामोदर सावरकर जन्म जयन्ती- 28 मई, 2023

# सावरकर स्वतंत्रता आन्दोलन के महायोद्धा एवं क्रांतिवीर थे

- ललित गर्ग -



विनायक दामोदर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रिम पंक्ति के सेनानी, महान् क्रांतिकारी, हिन्दूवादी, इतिहासकार, समाज सुधारक, विचारक, चिंतक, साहित्यकार एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। वे विश्वभर के क्रांतिकारियों में अद्वितीय थे। उनका नाम ही भारतीय क्रांतिकारियों के लिए उनका संदेश था। उनकी पुस्तकें क्रांतिकारियों के लिए गीता के समान थीं। उनका जीवन बहुआयामी था। वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को नासिक के भगूर गांव में हुआ। सावरकर इस संसार के एकमात्र ऐसे रचनाकार हैं जिनकी पुस्तक '1857 का स्वातंत्र्य समर' को अंग्रेजों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया था। यह वह पुस्तक है जिसके माध्यम से सावरकर ने सिद्ध कर दिया था कि 1857 की जिस क्रांति को अंग्रेज मात्र एक सिपाही विद्रोह मानते हैं, जबकि वही भारत का 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' था। सावरकरजी ऐसे पहले भारतीय थे जिन्होंने वकालत की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। लेकिन उन्होंने अंग्रेज सरकार की वफादारी की शपथ लेने से इन्कार कर दिया था, जिसके कारण उन्हें वकालत की उपाधि प्रदान नहीं की गयी। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे पहले महानायक थे, जिन्होंने जन-जन में क्रांति का शंखनाद किया।

वीर सावरकर ऐसे महान् भारतीय क्रांतिवीर हैं जिन्हें अंग्रेज-सरकार ने क्रांति के अपराध में एक ही जीवन में दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी थी। 1911 में उन्हें कालेपानी यानि अंडमान भेज दिया गया। वहां उनके बड़े भाई गणेश सावरकर भी बंद थे। जेल में सावरकर पर घोर अत्याचार किए गए गए जो कि एक क्रूर इतिहास बन गया। कोल्हू में जुतकर तेल निकालना, नारियल कूटना, कोड़ों की मार, भूखे- प्यासे रखना आदि। सावरकर जी ने जेल में दी गई यातनाओं का वर्णन अपनी पुस्तक ÷मेरा आजीवन कारावास÷ में किया है। दो बार की काले पानी की कठोर सजा के दौरान उन्हें छः महीने तक अंधेरी कोठरी में रखा गया। एक-एक महीने के लिए तीन बार एकांतवास की सजा सुनाई गयी। सात-सात दिन तक दो बार हथकड़ियां पहनाकर दीवारों के साथ लटकाया गया। इतना ही नहीं सावरकर को चार महीनों तक जंजीरों से बांध कर रखा गया। इतनी कठोर यातनाएं सहने के बाद भी सावरकर ने अंग्रेजों के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया। जबकि तब से हमारे देश के कुछ बुद्धिजीवी, कुछ राजनीतिक दल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं वामपंथी उनके कृतित्व एवं आजादी के लिये प्रदत्त बलिदानों को भूलकर उन पर अंग्रेज़ों से माफ़ी मांगने का आरोप लगाते हुए उनके अविस्मरणीय बलिदानों को धुंधलाने की कोशिशें की जा रही है। सावरकर को गाली देने वाले इस बात को समझ लें कि भारत की आजादी में उनका कद अगर महात्मा गांधी से ज्यादा नहीं तो कम भी नहीं है।

वीर सावरकर ने कहा था ''कष्ट ही तो वह चाक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और उसे आगे बढ़ाती है।'' सावरकर के बलिदानों की असलियत और सच्चाई जाने बिना, उनकी कोशिशों की गहराई को समझे बिना और उन पर तटस्थ अध्ययन किए बिना, कोई भी कांग्रेसी व विपक्षी उनके ऊपर झूठे आरोप लगाते चले आए हैं। अर्से से उनको अपमानित किया जाता रहा है। हाल ही में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने उनका एक चिट्ठी का हवाला देकर अनादर किया, वहीं कुछ समय पूर्व अरविंद केजरीवाल ने एक रैली में भाजपाइयों को सावरकर की औलादें कहकर अपनी मंशा प्रकट की थी। आखिर यह कब तक चलेगा? अब तो इस पर रोक लगनी चाहिए क्योंकि ऐसे व्यक्ति को जिसका पूर्ण जीवन भारत की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों की सच्ची मिसाल है। ऐसा व्यक्ति जिसको जहरीला भोजन और पानी देकर उसे कांटे की तरह सूखा दिया गया हो, जब उस पर झूठा लांछन लगाया जाता है तो किसी भी सच्चे भारतीय का मन विचलित, मस्तिष्क दुखी और आत्मा चीत्कार उठती है। सावरकर का कथन है कि ''कर्तव्य की निष्ठा संकटों को झेलने में, दुख उठाने में और जीवन भर संघर्ष करने में ही समाविष्ट है, यश-अपयश तो योगापयोग की बाते हैं।'

अखण्ड भारत का स्वप्न देखने एवं उसे आकार देने वालों में सावरकर का योगदान अनूठा एवं अविस्मरणीय है। आज नया भारत बनाने, भारत को नये सन्दर्भों के साथ संगठित करने, राष्ट्रीय एकता को बल देने की चर्चाओं के बीच भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान योद्धा के जन्म दिवस पर ही नये संसद भवन के उद्घाटन का निश्चिय कर मोदी सरकार ने सूझबूझ का परिचय दिया एवं इस सच्चे महानायक को विनम्र श्रद्धांजलि दी है। आजादी के अमृत-काल में उनकी पावन स्मृति और उनका जीवन-दर्शन आधार-स्तंभ एवं प्रकाश-किरण है। अग्रिम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानी सावरकरजी प्रेरणाएं एवं शिक्षाएं इसलिये प्रकाश-स्तंभ हैं कि उनमें नये भारत को निर्मित करने की क्षमता है। उन्होंने अनेक विपरीत एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बीच एक भारत और मजबूत भारत की कल्पना की थी, जिसे साकार करने का संकल्प आज हर भारतीय के मन में है।

कहते हैं कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। अर्थात् व्यक्ति का भविष्य छुटपन में ही उसके व्यवहार से दिखने लगता है। वीर सावरकर की बचपन की गतिविधियां बता रही थीं कि यह बालक आगे चलकर भारतमाता का साहसी बेटा बनेगा, जिसे लोग 'स्वातंर्त्यवीर सावरकर' के नाम से पहचानेंगे। वे केवल आठ-दस वर्ष की उम्र से ही कविताएं लिखने लगे थे। उनके जीवन पर छत्रपति शिवाजी का बहुत गहरा प्रभाव था। शिवाजी की विजय गाथाएं, वीर सावरकर स्वयं तो बड़े चाव से पढ़ते ही थे, अपने मित्रों को भी गर्व के साथ सुनाया करते थे। इससे उनके मन में भी देशभक्ति, बलिदान, त्याग, समर्पण और देशसेवा की भावनाएं जोर मारने लगी थीं। युवा अवस्था में पहुँचते-पहुँचते सावरकर ने अपनी क्रांतिकारी सोच एवं गतिविधियों को और गति दे दी। उन्होंने 'अभिनव भारत' नाम की एक और संस्था की स्थापना भी की। सबसे पहले विदेशी कपड़ों की होली जलाकर अंग्रेजों को चुनौती देने का काम सावरकर ने किया। अंग्रेजों के घर 'लंदन' में घुसकर क्रांतिकारी गतिविधियां करने का साहस भी उन्होंने दिखाया। उनके ही प्रयास से लंदन में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयंती मनाई गई। जहाज से बीच समुद्र में छलांग लगाकर तो विनायक साहस के पर्याय ही बन गए। भारत के क्रांतिकारियों में वे 'पूज्य' हो गए थे। सरदार भगत सिंह ने अपने एक लेख में विनायक दामोदर सावरकर के लिए 'वीर' और 'पूजनीय' जैसे आदरसूचक विशेषणों का उपयोग किया हैं। उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों, विचारों एवं संगठन क्षमता से अंग्रेज भयभीत हो गए थे। आजादी के लिए काम करने के लिए उन्होंने एक गुप्त सोसायटी बनाई थी, जो 'मित्र मेला' के नाम से जानी गई। 1905 के बंग-भंग के बाद उन्होंने पुणे में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। रत्नागिरी आंदोलन के समय उन्होंने जातिगत भेदभाव मिटाने का जो कार्य किया वह अनुकरणीय था। वहां उन्होंने दलितों को मंदिरों में प्रवेश के लिए सराहनीय अभियान चलाया। महात्मा गांधी ने तब खुले मंच से सावरकर की इस मुहिम की प्रशंसा की थी, भले ही आजादी के माध्यमों के बारे में गांधीजी और सावरकर का नजरिया अलग-अलग था।

अप्रतिम प्रतिभा सम्पन्न सावरकरजी कुशल मानवशिल्पी के साथ राष्ट्र-शिल्पी थे। भारत की हिंदू अस्मिता, हिंदू समाज की उत्पत्ति व संघटन, विवाह, माता-पिता द्वारा संतान का पालन-पोषण, आपसी सौहार्द, सामाजिकता, आध्यात्मिकता, धार्मिकता, आर्थिक स्थितियां, कृषि, जीवनशैली तथा ऐसे ही अन्य अनेक विषयों पर उनके जीवन-दर्शन से मार्ग प्रशस्त होता है। सावरकर जेल में रहते हुए भी स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहे। यह भी अजीब विडंबना है कि इतनी कठोर यातना सहने वाले राष्ट्र-योद्धा के साथ तथाकथित इतिहासकारों ने न्याय नहीं किया, उनके विराट व्यक्तित्व एवं राष्ट्र-विचारों को धूमिल किया। किसी ने कुछ लिखा भी तो उसे तोड़ मरोड़ कर पेश किया। राष्ट्रेत्थान की मूल भावना के अभिप्रेरित वीर सावरकर भले ही आज हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनकी प्रखर राष्ट्रवादी सोच हमेशा राष्ट्र एवं राष्ट्र के लोगों के दिलो में जिन्दा रहेगी ऐसे भारत के वीर सपूत वीर सावरकर को हम सभी भारतीयों को हमेशा गर्व रहेगा। क्योंकि उनके जीवन का उद्देश्य रहा है- निज संस्कृति को बल देना, उज्ज्वल आचरण, सात्विक वृत्ति एवं स्व-पहचान। प्रेषकः

(ललित गर्ग)

# क़र्ज़ में डूबे, राज्य उबरेंगे या डूबेंगे?

राकेश दुबे

भारत जैसे विकासशील देश में, विधानसभा और लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले दलों ने अपनी घोषणाओं की आदत नहीं बदली तो सबसे पहले उन राज्यों के दीवालिया होने के आसार है जो क़र्ज़े में डूबे है और चुनावी वादे जल्द से जल्द पूरा करने को उतारू हैं। इन राज्यों में मध्यप्रदेश भी है। फ़िलहाल बात कर्नाटक की।कर्नाटक में पिछली भाजपा सरकार के समय का 5 लाख 60 हजार करोड़ का ऋण है, लेकिन सत्ता संभालते ही अपनी पहली मंत्रिमंडल की बैठक में सिद्धारमैया सरकार ने पांच गारंटी को लागू करने का फैसला लिया है जिस पर 50000 करोड़ की भारी-भरकम राशि खर्च होने का अनुमान है। इसके साथ ही यदि सरकार ने सभी चुनावी वादे पूरे करने का फैसला लिया तो यह खर्च 2 लाख 42 हजार करोड़ को भी पार कर जाएगा।

सबसे पुराने दल कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र को लागू करने की दिशा में मंत्रिमंडल ने अधिसूचना जारी करने का निर्णय लिया है कि पांचों गारंटी को लागू किया जाएगा। इसके अंतर्गत हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, परिवार की मुखिया महिला को हर माह 2000 रुपये, गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले हर परिवार के सदस्यों को 10 किलो मुफ्त राशन, बेरोजगार स्नातक को दो वर्ष तक हर माह 3000 और डिप्लोमा धारक को 1500 रुपये और महिलाओं को राज्य में मुफ्त बस सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्णय हैं। इसके अलावा पार्टी के घोषणापत्र में बंद पड़ी कृष्णा, अपर कृष्णा और अपर भाद्रपद परियोजनाओं को भी पूरा करने की बात कही गई है जिस पर 2 लाख करोड़ की लागत का अनुमान है। इसके साथ ही कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली पर 2000 करोड़ वार्षिक खर्च आयेगा। इसके अतिरिक्त सरकार ग्रामीणों के साथ किए गये वादों को भी पूरा करेगी। अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने वादा किया था कि सत्ता में आने पर उनकी सरकार मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इन गारंटी पर मोहर लगाएगी और यह वादा पूरा भी किया है। ऐसे ही मंसूबे और राजनीतिक दल अन्य राज्यों में बांध रहे हैं ।

कांग्रेस सरकार को इन पांच मुख्य चुनावी गारंटी को अमली जामा पहनाने पर कर्नाटक में ही हर वर्ष 40 हजार करोड़ खर्च करने होंगे जो राज्य बजट का 15 प्रतिशत है। इसके अलावा राहुल गांधी ने हर मछुआरे को 10 लाख का मुफ्त बीमा और इस समुदाय की हर महिला को 1 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण और 25 रुपये अनुदान पर रोजाना 200 लीटर डीजल देने का भी वादा किया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय वर्ष 2003 से कर्नाटक के 3 लाख कर्मचारी नयी पेंशन स्कीम के अंतर्गत आते हैं, जिसे केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने लागू किया था। अब यदि पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाती है तो प्रदेश पर हर साल 2000 करोड़ का वित्तीय बोझ पड़ेगा और आने वाले वर्षों में यह और बढ़ेगा। हाल ही में हिमाचल सरकार द्वारा भी पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय लागू किया गया, लेकिन केंद्र सरकार ने एनपीएस में जमा8000 करोड़ को वापस करने से मना करके प्रदेश सरकार को मुश्किल में डाल दिया है। यह वह राशि है जो हिमाचल के कर्मचारियों और सरकार के योगदान से पिछले 18 वर्षों में एनपीएस में जमा की गई थी। इसी तरह केंद्र ने राजस्थान सरकार द्वारा एनपीएस में जमा 36000 करोड़ लौटाने से भी इंकार कर दिया है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी पुरानी पेंशन स्कीम लागू कर दी है और गहलोत सरकार को पूरा विश्वास है कि नवम्बर में होने वाले विधानसभा चुनावों में इसका लाभ कांग्रेस को मिलेगा। समझा जाता है कि इसी तर्ज़ पर केंद्र सरकार कर्नाटक के एनपीएस में जमा 19000 करोड़ भी लौटाने से इंकार कर देगी। इसलिए अब कर्नाटक सरकार को अन्य संसाधनों से धन का प्रावधान करना होगा। रिजर्व बैंक ने भी राज्य सरकारों को आगाह किया है कि वे ओपीएस लागू न करें क्योंकि आने वाले समय में इस कारण से देनदारियां इतनी बढ़ जाएंगी कि भविष्य में अर्थव्यवस्था खतरे में पड़ सकती है। इसके साथ ही 10 लाख नौकरियों के साथ 2 लाख 50 हजार रिक्त पदों को भरना भी राज्य के वित्तीय संसाधनों पर असर डालेगा। वैसे आर्थिक विशेषज्ञों को विश्वास है कि

# लोकतंत्र की सर्वोच्च नीति निर्धारण करने वाली संस्था ''संसद के मनमंदिर'' के उद्घाटन में भी ''नीति'' नहीं ''दलगत राजनीति'!

राजीव खण्डेलवाल

सर्वोच्च शक्ति प्राप्त ऐसी संसद का भवन या सबसे बड़ा 'मन' ''मंदिर'' जहां मन मोहने वाले वातावरण में बैठकर देश के सांसद देश के लिए भी जनता के मन को भाने वाले कानून बना पाएंगे, जो 862 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 21वीं सदी की समस्त आधुनिक सुविधाओं से युक्त भविष्य के अगले 100 वर्ष की आवश्यकताओं की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए भव्यतम भवन बना है। इसका उसका उद्घाटन 28 तारीख को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना है।

देश की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि और खुशी के बीच दुर्भाग्यवश अधिकतर विरोधी पक्ष जिसमें कांग्रेस के नेतृत्व में 21 पार्टियां शामिल है, ने उद्घाटन का विरोध करने का मजबूत डंडा (झंडा नहीं) गाड़ दिया है। विपरीत इसके एनडीए के 16 दलों के नेताओं ने विपक्षी दलों से अपने रुख पर पुनर्विचार करने का लिखित अनुरोध किया है। संविधान का अनुच्छेद 60 और 111 का सहारा लेकर विपक्षी दलों द्वारा यह कहा जा रहा है कि लोकतंत्र के इस मंदिर का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा किया जाना चाहिए। जबकि वास्तव में इन दोनों अनुच्छेद का उद्घाटन अथवा उसकी प्रक्रिया से कोई लेना देना नहीं है। अनुच्छेद 60 राष्ट्रपति द्वारा शपथ का उल्लेख करता है, तो अनुच्छेद 111 किसी विधेयक में राष्ट्रपति की स्वीकृति का उल्लेख करता है। तथापि अनुच्छेद 79 में यह अवश्य कहा गया है की ''भारत संघ'' के लिए संसद होगी जिसमें ''राष्ट्रपति'' और दो सदन शामिल होंगे। संसद या विधान सभा के भवनों के उद्घाटन के संबंध में क्या संवैधानिक, कानूनी स्थिति है, अथवा अभी तक की क्या परिपाटी रही है, इसको यदि आप समझ लेंगे, तब ही आप समझ पाएंगे की प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने वाले संसद भवन की उद्घाटन की स्थिति कितनी जायज अथवा नाजायज है?

निश्चित रूप से अनुच्छेद 87 के अनुसार राष्ट्रपति संसद की दोनों सदनों को आहूत कर सत्र के पहले दिन संबोधित करता है। इसलिए वह सदन के नेता के रूप में श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री की तुलना में उच्चतम स्थिति में है। परंतु साथ में इस बात को भी आपको ध्यान में रखना होगा कि राष्ट्रपति दोनों सदनों में से किसी के भी सदस्य नहीं होते हैं, जबकि प्रधानमंत्री का होना अनिवार्य है। (अपवाद स्वरूप छः महीने की अवधि को छोड़कर) अतः जिस संसद के राष्ट्रपति सदस्य नहीं है, उसके भवन का उद्घाटन उनसे न कराने से राष्ट्रपति की गरिमा गिरती, जैसा कि विपक्ष का आरोप है, यह तथ्यात्मक और संवैधानिक दोनों रूप से उचित नहीं जान पड़ता है।

दूसरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रथम व्यक्ति नहीं है, जो संसद भवन का उद्घाटन करने जा रहे हैं। इसके पूर्व वर्ष 2017 में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की उपस्थिति में ''संसद भवन एनेक्सी विस्तार भवन'' (जिसकी आधारशिला तत्कालीन उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने रखी थी), का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था, तब कोई विरोध नहीं हुआ था। ''पार्लियामेंट लाइब्रेरी'' की आधारशिला तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने और इसके पूर्व ''पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी'' की आधारशिला का उद्घाटन अक्टूबर 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था। यही नहीं वर्ष 2009 में असम के नए विधानसभा भवन का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने, मार्च 2010 में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी जो किसी भी संवैधानिक पद पर नहीं थी, द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ तमिलनाडु के नए विधानसभा परिसर तथा दिसंबर 2011 में मणिपुर के नए विधानसभा भवन, वर्ष 2019 में बिहार विधानसभा का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तथा वर्ष 2020 में सोनिया गांधी ने छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का शिलान्यास किया गया था। इन सब कार्यक्रमों में महामहिम राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल को प्रायः आमंत्रित नहीं किया गया था।

यदि राष्ट्रपति के सर्वोच्च होने के आधार पर संसद का उद्घाटन उनसे कराने की बात विपक्ष कह रहा है, तो यह बात भी ''अर्ध-सत्य'' ही है। क्योंकि राष्ट्रपति पर ÷महाभियोग÷ संसद ही लगा सकती है। इस प्रकार इस स्थिति में संसद राष्ट्रपति से ऊपर सर्वोपरि हो जाती है। वैसे भी जिस राष्ट्रपति को संसद को भंग करने का अधिकार हो, तब उसके निर्माण अर्थात निर्मित भवन के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति को कैसे बुलाया जा सकता है? यदि ऐसा होता है तो वह प्रेमवत नहीं, बल्कि भय के भाव के कारण ही। वैसे यदि लोकसभा के स्पीकर की अध्यक्षता में और राज्यसभा के स्पीकर की विशिष्ट उपस्थिति में प्रधानमंत्री से उद्घाटन कराया जाता तो निश्चित रूप से ऐसी विवाद की स्थिति शायद बनती ही नहीं।

वैसे इस पूरे उद्घाटन कार्यक्रम का सबसे दुखद पहलू यह है कि आजादी के अमृत महोत्सव काल में हो रहे इस स्वर्णिम अवसर का ''साक्षी'' बनने के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित ही नहीं किया गया है। मुझे नहीं मालूम है कि राष्ट्रपति को आमंत्रित करने के प्रोटोकॉल क्या है? राष्ट्रपति की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन कराने पर प्रोटोकॉल आड़े आता है क्या? मुझे याद आता है, जब रजत शर्मा की इंडिया टीवी की ÷आप की अदालत÷ की 21वीं वर्षगांठ के जश्न ÷सिग्नेचर शोसी कार्यक्रम का उद्घाटन भाषण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया, तो वहीं उसी कार्यक्रम में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भी शिरकत की थी। सरकार के पास अभी भी समय है। यदि इस त्रुटि को उपरोक्त तरीके से सुधारा जाए, तो देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक बड़ा कदम होगा। तब विपक्ष को दाएं बाएं झांकने का अवसर नहीं होगा और उन्हें भी इस अवसर पर जन दबाव के चलते अपनी भागीदारी प्रदर्शित करनी ही होगी।

''राष्ट्रपति की बजाय प्रधानमंत्री से उद्घाटन कराने का एकमात्र उद्देश्य शायद यही हो सकता है कि राष्ट्रपति मात्र ''संवैधानिक प्रमुख'' हैं। जबकि ''सत्ता'' (पावर) की शक्ति का वास्तविक केंद्र बिंदु ''प्रधानमंत्री'' है। संसद पूरी विधायिकी की शक्ति की एकमात्र केंद्र बिंदु है इसलिए विधायिका और कार्यपालिका का शक्तिपुंज प्रधानमंत्री से संसद भवन का उद्घाटन करा कर विश्व में यह संदेश देना हो सकता है कि जितनी हमारी संसद सर्वशक्तिमान है, उतने ही हमारे प्रधानमंत्री भी लोकतंत्र होने के बावजूद लोकतांत्रिक रूप से सर्वशक्तिमान है। खासकर उस स्थिति को देखते हुए जहां-तहां राष्ट्रपति के बाबत यह कहा जाता रहा है कि, वे मात्र एक रबर स्टैंप रह गए हैं।'' विरोधी दलों द्वारा राष्ट्रपति के उद्घाटन न करने की बात को दलित आदिवासी महिला के अपमान से जोड़कर देखने से पहले विपक्ष को अपना गिरेबान में झांकना होगा। क्या द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद के चुनाव के समय उनके सर्वसम्मति से न बनने देकर बल्कि उनके खिलाफ उम्मीदवार उतारे जाने से क्या विपक्ष ने उनका मान बढ़ा दिया मान-मर्दन किया? आज की राजनीति गिरगिट से भी ज्यादा रंग बदलने वाली है। इसलिए आज की राजनीति को लिए आपको वस्तुतः गिरगिट शब्द की जगह नया शब्द का लाना होगा। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद भी उनके राष्ट्रपति का अपमान गाहे बगाहे किया जा रहा है। देश यह का दुर्भाग्य ही है कि लोकतंत्र का पवित्र मंदिर संसद भवन कुछ अदूरदर्शिता के चलते, बेवजह, अनावश्यक रूप से राजनैतिक अखाड़े का दंगल बन गया है जैसे एक और दंगल जंतर मंतर पर लगभग एक महीने से कुश्ती संघ और देश के ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कुश्ती पहलवानों के बीच चल रहा है।

(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# हड़कंप : नियम को ताक पर रखकर चल रही लैब संचालकों को जारी होंगे नोटिस

## • मामला तीन लैब पर एक ही डॉक्टर और लैब टैक्नीशियन का, एक संचालक ने गांव-गांव बांट दी फ्रेंचाइजी में मापदंडों की अनदेखी • जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग बना रहा टीम

धार. शहर सहित जिलेभर में लोगों के स्?वास्?थ्?य की जांच के नाम पर पैथालाजी लैब का गड़बड़झाला और मापदंडों की अनदेखी की जा रही है। शहर में संचालित हो रही रजिस्?टर्ड लैब में एक ही डॉक्?टर और लैब टैक्निशीयन के नाम पर अनुमतियां जारी करवाई गई है। स्?वास्?थ्?य विभाग को अंधेरे में रखकर यह करोड़ो का कारोबार संचालित किया जा रहा है। इसमें 2005 में पैथालाजी लैब को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी उस आदेश की भी अवहेलना की जा रही है, जिसमें डिजीटल साइन से जारी होने वाली रिपोर्ट को अवैधानिक बताया कर इस पर रोक लगाने के लिए कहा गया था। लेकिन धार में डिजीटल साइन तो दूर रबर स्?टॉम्?प वाली साइन से भी लैब संचालक रिपोर्ट जारी कर रहे है।

दरअसल शहर में संचालित हो रही पैथालॉजी लैब की अनुमति में बड़ी गड़बड़ी देखने को मिली थी। तंत्र की आंख में धूल झौंककर अनुमतियां जारी करवाई गई। हालात यह है कि एक ही लैब टैक्निशीयन महेश सोलंकी के नाम से शहर में तीन लैब की अनुमतियां जारी करवाई गई। जबकि एक ही डॉक्?टर के नाम से तीन लैब की अनुमतियां जारी की गई है। नियमानुसार एक डॉक्?टर किसी भी दो लैब में सेवाएं दे सकते है। इसी तरह का नियम लैब टैक्निशीयन को लेकर भी है। लेकिन जिला मुख्?यालय पर ही नियमों की धज्जियां उड़ाई गई है तो ग्रामीण अंचल में प्राइवेट लैब संचालकों की मनमानी की कल्?पना भी नहीं की जा सकती है।




मीडियो रिपोर्ट की जांच में यह खुलासा हुआ। इसके बाद से धार में स्?वास्?थ्?य विभाग की रडार पर ये लैब आ गई है। स्?वास्?थ्?य विभाग की माने तो इन सभी लैब की जांच के लिए टीम गठन के आदेश जारी कर दिए गए है। साथ ही सभी लैब संचालकों को नोटिस भी जारी किए जा रहे है। लेकिन इन सबके उलट प्रशासन के बड़े अधिकारियों को भी इस फर्जीवाड़े की शिकायत पहुंची है। अब उम्?मीद है कि नियमों की अनदेखी कर चल रही लैब संचालकों की मनमानी पर अंकुश लगेगा। धार शहर में कुल 23 लैब रजिस्?टर्ड है, जिन्?हें स्?वास्?थ्?य विभाग ने अनुमतियां जारी की है।

**मापदंडों को दरकिनार कर डल रही फ्रेंचाइजी ः**

इधर मीडिया में मापदंडों को दरकिनार कर चलाई जा रही लैब की खबरे सामने आने के बाद स्?वास्?थ्?य विभाग की जांच में यह भी सामने आया है कि संचालक धार तक ही सीमित नहीं रहे। जबकि गांव-गांव फ्रेंचाइजी के नाम पर लैब खोल दी गई है। यह चैन धानमंडी स्थित सर्वोत्?तम लैब ने शुरू की है, जिसकी धार में ही दो लैब संचालित हो रही है। जबकि यहां पर डॉक्?टर अनिल डामोर और लैब टैक्निशीयन महेश सोलंकी के नाम पर अनुमति जारी है। लेकिन इनके नाम पर दो ओर लैब शहर में चल रही है। हाल ही में एक ब्रांच कुक्षी में शुरू की गई है।

### यह है नियम ः

-नियमानुसार लैब संचालन एमडी पैथोलॉजिस्ट ही कर सकते है।

-रिपोर्ट पर डिजिटल हस्?ताक्षर नहीं किए जा सकते।

-पैथालाजी लैब में अधिक्रत डॉक्?टर यानी एमडी पैथोलॉजिस्?ट और लैब टैक्निशीयन का होना अनिवार्य है।

-यह वे नियम है जो लैब संचालन की प्राथमिकता में शामिल है।

-इसके अलावा अन्?य मापदंडों की भी पूर्ति होना आवश्?यक है। लेकिन शहर में इन मुख्?य बिंदुओं की ही अनदेखी देखने को मिली है।

डिजिटल हस्ताक्षर के साथ रबर स्?टॉम्?प की सील ः पैथोलॉजी लैब की रिपोर्ट पर डिजिटल हस्ताक्षर को सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंधित कर रखा है। लेकिन धार में रबर स्?टॉम्?प वाली सील से भी रिपोर्ट जा रही की जा रही है जो कि मान्य नहीं हैं। लेकिन ज्यादातर लैब में मरीजों को दी जाने वाली रिपोर्ट में लैब संचालक के डिजिटल हस्ताक्षर ही हैं। समय बचाने के चक्कर में कई डिग्री धारियों ने कम्प्यूटर में ही डिजीटल हस्?ताक्षर सेव कर लिए है। यह सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन है। धार की विशेष पैथालाजी लैब द्वारा जारी रिपोर्ट इस बात का सबूत है।

यह है कार्रवाई के प्रावधान ःमध्यप्रदेश शासन व इंडियन मेडिकल काउंसिल के नियमों व प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार पैथोलॉजी लैब का संचालन नहीं करने पर संचालकों पर एफआईआर के प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट और मेडिकल काउंसिल अनुसार मेडिकल साइंस में विशेषज्ञ भी वहीं कहलाएगा जो एमबीबीएस के बाद पीजी डिग्री या डिप्लोमाधारी हो।

### इनका कहना है

पैथोलॉजी लैब को लेकर जो शिकायतें है, उसकी जांच के लिए हम विशेषज्ञ डॉक्?टरों की टीम बना रहे है जो इसकी जांच करेगी। साथ ही संचालकों को नोटिस भी जारी किए जा रहे है।

**डॉ. शिरीष रघुवंशी,** सीएमएचओ, धार

# खेल पुरस्कार 2023 हेतु आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

खण्डवा। खेल पुरस्कार-2023 एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, स्व. श्री सुभाष जोशी एवं लाईफ टाईम एचीवमेंट पुरस्कार हेतु ऑनलाईन आवेदन 1 जून से 31 जुलाई, 2023 तक आमंत्रित किये जा रहे है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग, म.प्र. शासन के नवीन ''पुरस्कार नियम 2021' के अनुसार विगत 5 वर्षों ( 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च, 2023 ) में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किये जावेंगे। उन्होंने बताया कि साहसिक खेल ( समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित ) हेतु भी विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। पुरस्कार हेतु पात्रता, पुरस्कार राशि व अन्य शर्ते विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# अमलपुरा में आयुष मेला सम्पन्न

खण्डवा ।- राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनातंर्गत लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय गतिविधि व मिशन लाइफ एवं एकात्म अभियान के अवसर पर संचालनालय आयुष म.प्र. शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के खण्डवा ब्लॉक के ग्राम अमलपुरा में गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया गया। जिला आयुष अधिकारी श्री अनिल वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, हौम्योपैथी एवं योग का पैथीवार विशेषज्ञतानुसार चिकित्सीय परामर्श योगाभ्यास एवं जीवन शैली जनित रोगों में योगाभ्यासों एवं प्राणायाम का महत्व बताया गया। इसके अलावा उच्च रक्तचाप व मधुमेह के रोगियों की स्क्रीनिंग एवं निःशुल्क जॉच, योग की सचित्र प्रदर्शनी, योग प्रशिक्षकों द्वारा व्याधिनुसार परामर्श, आयुष दिनचर्या, ऋतुचर्या, पोषण आहार एवं ग्रीष्मकालीन रोगों से बचाव, उपचार हेतु पेम्पलैट वितरण, औषधीय पादपो का वितरण, देवारण्यम योजना का प्रचार प्रसार किया गया।

# 35 किलो गांजा,कट्टाधारी और डकैती का स्थाई वारंटी पकड़े

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा जिले में अपराधों के खिलाफ लगातार चलाई जा रही मुहिम के तहत शानदार नतीज़े सामने आ रहे हैं। अपराधों के ख़िलाफ़ ज़ीरो टॉलरेंस अभियान के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में थाना रन्नौद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सजाई के कमल सिंह चंदेल के बाड़े में बनी टपरिया के पीछे गांजे के 35 किलो हरे पौधे जप्त किये हैं।जप्त गांजे की कीमत 175000 रूपये बताई जा रही है।आरोपी को गिरफ्तार किया और धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है । करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि कामाक्षा मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध कट्टा लिए वारदात करने की नियत से घूम रहा है । जिसे फोर्स की मदद से पकड़ा।आरोपी अंकुश पाल पुत्र लक्ष्मीनारायण पाल उम्र 23 साल नि0 ग्राम खोआ का होना बताया उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर बायीं तरफ कमर में एक 315 बोर का कट्टा जिसकी बेरल में एक कारतूस मिला जिसे विधिवत जप्त किया गया।

# चुनावी रंजिश में लाठियां भांजीं,32 के खिलाफ मामला दर्ज

?शिवपुरी-जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र के सांपरारा गांव में चुनावी रंजिश के चलते दो पक्षों में जबर्दस्त भिड़ंत हो गई और बलवे के हालात बन गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठियां चलीं हैं। बलवे में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए है। जिन्हें उपचार के लिए बैराड स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार बैराड थाना क्षेत्र के सांपरारा गांव के रहने वाले भगवान सिंह उर्फ बंटी यादव और बृजमोहन यादव के बीच शुरू हुआ। विवाद की शुरुआत हाल ही में हुए पंचायत चुनाव से हुई थी, जहां बृज मोहन यादव सरपंची के चुनाव में खड़ा हुआ था लेकिन भगवान सिंह यादव ने बृजमोहन को वोट नहीं दिए थे।बृजमोहन चुनाव हार गया था तभी से बृजमोहन और भगवान सिंह के बीच रंजिश की शुरुआत हो गई थी। बुधवार को चुनावी रंजिश को लेकर पहले भगवान सिंह यादव और बृजमोहन यादव के बीच विवाद हो गया, इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर झगड़ा हुआ, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से पहले पथराव किया गया फिर लाठियां चलीं ।

# लोटस कॉन्वेंट स्कूल का रिज़ल्ट रहा सर्वश्रेष्ठ..प्रांजल ने किया प्राप्त प्रथम स्थान.

धार माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 12 वीं के रिज़ल्ट में प्रांजल त्रिवेदी विक्रमनगर मौलाना ने 90.8फीसदी के साथ बड़नगर तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया है.. हिया संघवी बड़नगर ने 88त्न के साथ द्वितीय..निशा चावड़ा धतुरिया ने 87.2 फीसदी के साथ तृतीय एवं आकाश नागर बंगरेड ने 86.2फीसदी के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया.. एवं कक्षा 10वीं के रिज़ल्ट में संध्या सिसौदिया भोमलवास ने 94.2 फीसदी के साथ टॉप किया..जयेश पोरवाल बड़नगर ने 93.2फीसदी (गणित विषय 100/100) के साथ द्वितीय स्थान..बुलबुल यादव असवाता ने 92.2फीसदी के साथ तृतीय स्थान एवं प्रिंसी ठाकुर बंगरेड ने 92 त्न के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया..

### एवं अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट रहा..

प्रांजल और संध्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता - पिता एवं शिक्षको को दिया. संस्था अध्यक्ष श्री कमलसिंहजी राजावत,डायरेक्टर श्री जितेंद्रसिंह जी राजावत, प्राचार्य राहुल जी शर्मा एवं समस्त स्टॉफ ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है..

# गृहमंत्री पहुंचे छींद मंदिर किए दर्शन,श्रीराम कथा में हुए शामिल पं अनिरुद्ध से लिया आशीर्वाद

बरेली 7 धर्म नगरी छींद मैं 100 गांव के श्रीराम महायज्ञ के साथ श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस भी विश्व विख्यात कथावाचक पंडित अनिरुद्ध आचार्य के मुखारविंद से चल रही श्रीराम कथा श्रवण करने अपार जनसैलाब उमड़ा मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा छींद मंदिर पहुंचे जहां पर हनुमान जी महाराज की विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख समृद्धि सुरक्षा की कामना की जिसके बाद गृहमंत्री 100 गांव का हो रहा श्रीराम महायज्ञ में दर्शन कर श्रीराम कथा श्रवण करने पहुंचे गृहमंत्री ने विश्व विख्यात कथावाचक अनिरुद्ध आचार्य पुष्पमला पहनाकर आशीर्वाद दिया वहीं गृहमंत्री का विधायक देवेंद्र पटेल, अध्यक्ष मुन्ना पटेल, कंप्यूटर बाबा, जिला मंत्री पवन रघुवंशी, महाकाल बाबा ने स्वागत किया महज 5 मिनिट रुककर गृहमंत्री भोपाल के लिए रवाना हो गए 7 जिससे बाद कथा में शामिल होने परिकिलन समिति के अपर सचिव ,सभापति पूर्व




मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेता पहुंचे जिन्होंने कथावाचक आचार्य श्री का पुष्पमाला पहनाकर आशीर्वाद लिया और कथा श्रवण कर आरती में शामिल हुए गृह मंत्री के दौरे को लेकर बरेली प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है ही लेकिन गृहमंत्री के आने को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा एसडीओपी राजीव जंगले थाना प्रभारी आशीष सप्रे सहित बाड़ी उदयपुरा का अतिरिक्त बल ने खुद मोर्चा संभाला 7?

# 2 लाख 30 हजार रूपये फ्राड की राशि को सायवर सेल टीम ने कराया वापिस

दमोह प्रमोद वर्मा पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर द्वारा सायवर फ्राड की रोकथाम एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश जारी किये गये थे उक्त आदेश के परिपालन में राकेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक दमोह के द्वारा सायवर नोडल अधिकारी शिवकुमार सिंह अति0 पुलिस अधीक्षक दमोह एवं सायवर सेल टीम को जनता के साथ हो रहे फ्राड के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था।

दिनांक 24.6.2022 को आवेदक सचिन लहरी जिला दमोह द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था कि मेरे साथ म0प्र0 विधुत मंडल के नाम से बिजली का बिल जमा करने हेतु लिंक भेज कर बैक की जानकारी भरवाई गई थी। जिस पर से आवेदक के खाते से 2 लाख 30 हजार रूपये की राशि धोकाधड़ी कर निकाल ली गई थी। जिस पर सायवर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये संदिग्ध खातो की जानकारी प्राप्त कर आरोपियो के खातों को वन साईड होल्ड कराया गया जो आज दिनांक 25.5.2023 को आवेदक सचिन लहरी द्वारा पुलिस कार्यालय आकर पुलिस अधीक्षक महोदय को बताया कि मेरे साथ हुये फाड की राशि को 2,30,000 /- रूपये आपके द्वारा एवं आपकी सायवर सेल टीम के सहयोग से वापिस आ गये है। जो मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ।

पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा दमोह की जनता से अपील - किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आपको फोन पर किसी भी प्रकार का फायनेंसियल लालच देने वीडियो कॉल कर ब्लेकमेल करने, रिश्तेदार या दोस्त बनकर पैसे भेजने हेतु अनुरोध करता है तो लिंक पर या बारकोड यूपीआई पेमेन्ट न करें और किसी व्यक्ति के साथ फाड होता है तो तुरंत सायवर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करे एवं संबंधित थाने व सायवर सेल दमोह



को सूचित करें। दमोह पुलिस द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक पेज छड्डद्वश्वद्ध क्चश्चद्यद्बष्द्ग पर आये दिन एडवाईजरी जारी की जाती है जिसको आप सभी फालो कर सकते है जिससे की आप अपने आपको एवं अपने परिवार को होने वाले फ्राड से बच सकते है।

उक्त फ्राड की गई राशि को आवेदक के खातों में वापिस कराने एवं खाता फ्रीज कराने में सायवर सेल की टीम में प्र.आर. 353 सौरभ टंडन प्र.आर. 280 राकेश अठ्या आर. 830 कुलदीप ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# 10वीं एवं 12वीं 2023 का परीक्षा परिणाम को घोषित




प्रदेश के शिक्षा पटल पर एक अलग पहचान रखने वाले शा.महात्मा ज्योतिबा फुले सी.एम.राइज उ.मा.वि. दमोह के परीक्षा परिणाम पर सबकी निगाहे थी। आज 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें परीक्षार्थी पालक शिक्षक एवं प्राचार्य के चहरे प्रसन्नता से खिल उठे। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उत्सव का माहौल निर्मित हो गया । परीक्षार्थी मिठाई के डिब्बे लेकर अपनी सफलता का आर्शीवाद लेने के लिये शिक्षकों के पास आ रहे। विद्यालय में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम आशा के अनुरूप बहुत ही अच्छा रहा 100 फीसदी परीक्षार्थी सफल होना सामान्य बात है, किन्तु 100फीसदी में से 96 फीसदी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी लेकर उत्तीर्ण होना बड़ी बात है सिर्फ 4 फीसदी परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी लेकर उत्तीर्ण हुए।

# कलेक्टर ने जल संरचनाओं का किया निरीक्षण

छतरपुर,। कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. ने गुरुवार को नौगांव जनपद अंतर्गत पंचायतों में अटल भू-जल एवं मनरेगा द्वारा प्रस्तावित निर्मित कराई जाने वाली एवं निर्मित हो चुकीं जल संरचनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमति तपस्या परिहार उपस्थित रहीं।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा के जल के एक-एक बूंद संरक्षित करने के लिए व्यवस्थित कार्य योजना के साथ काम को पूर्ण किया जाए। जल संरचनायें छोटी या बड़ी हो सभी में उपयंत्री सर्वोच्च व उपयुक्त स्थल पर ही कार्यो में ले-आउट देकर गुडवत्ता पूर्वक कार्य कराये।

# कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र और तालाबों का किया निरीक्षण

छतरपुर। कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. ने गुरुवार को गौरिहार में ग्राम गहवारा के 2 तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाबों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि तालाबों का सीमांकन कराएं तथा ग्राम पंचायत के समन्वय स्थापति कर बेहतर तरीके से जीर्णोधार का कार्य करें। साथ ही चना खरीदी केन्द्र कृषि उपज मंडी लवकुशनगर का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि जो वास्तविक पंजीकृत किसान है उन्हीं के चने खरीदे जाएं और व्यापारी या उत्तर प्रदेश से आने वाले किसी भी बाहरी लोगों से खरीदी न की जाए। उन्होंने चेक पोस्ट गठित करने के भी निर्देश देते हुए कहा कि कृषकों के चना गेंहू आदि उपार्जन का जल्द भुगतान करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमति तपस्या परिहार उपस्थित रहीं।

# भा ज पा महेबा मंडल की बैठक



छत्तरपुर। भारतीय जनता पार्टी महेबा मंडल की बैठक आज ग्राम गौरगाय में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में संपन्न हुई भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने उद्बोधन देते हुए कहा कि आगामी जून में महा जनसंपर्क अभियान के कार्यक्रम को हम सभी को मंडल के सभी बूथों पर हर्ष उल्लास के साथ संपन्न करना है सभी कार्यकर्ताओं को दिशा विशाल रूप से भाग लेना है और कार्यक्रम बूथ स्तर तक संपन्न कराना है भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टियां बूथ का एक छोटे से छोटा कार्यकर्ता को सफल बनाने में आधार स्तंभ के रूप में योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्यकर्ता ही भाजपा की धरोहर है सभी बूथों पर जाकर प्रधानमंत्री जी के मन की बात को आवश्यक रूप से बूथ सम्मेलन में सुनने को कहा और भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाएं जिससे सभी वर्ग लाभान्वित हो रहा है उनको घर घर जाकर योजनाओं के बारे में सही जानकारी देना हर कार्यकर्ता का अहम दायित्व है जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी सभी लोगों को मिल सके और भारतीय जनता पार्टी को मजबूती के साथ विजय मिले इस मौके पर मंडल भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया गया।

# चालक परिचालकों को शिविर आयोजित कर रोड सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई

खण्डवा । कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह द्वारा दिये गए निर्देशों के पालन में गुरूवार को चालक/परिचालकों के फर्स्ट एड प्रशिक्षण एवं रोड सुरक्षा संबंधी जागरूकता के संबंध में शिविर का आयोजन श्री दादाजी बस स्टैंण्ड, गौशाला के पास खण्डवा में रखा गया था। शिविर में कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री जगदीश बिल्लौरे, उप पुलिस अधीक्षक, यातायात खण्डवा एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी खण्डवा की टीम व्दारा चालक/परिचालकों को संयुक्त रूप से फर्स्ट एड के उपयोग एवं रोड सुरक्षा संबंधी जागरूकता संबंधी समझाईश दी गई। शिविर में चालक/परिचालकों को यह भी समझाईश दी गई कि बस में फर्स्ट बॉक्स अनिवार्य रूप से रखें, यात्रा के दौरान चालक/परिचालक एवं यात्रियों में से किसी भी यात्री की अचानक तबीयत खराब हो सकती है, ऐसी स्थिति में आकस्मिक चिकित्सा में फर्स्ट ऍड बाक्स काफी मददगार साबित होता है। बस फर्स्ट एड बॉक्स में दर्द निवारक गोलियां, एन्टीबाईटिक टयूब, बैडेन्ड पट्टी, ओ आर एस, एन्टीबाईटिक गोलियां, डेटाल व अन्य आवष्यक चीजे, जो आकस्मिक चिकित्सा हेतु अनिवार्य है, वे उसमें रखे। यात्रा के दौरान यात्री को किसी भी प्रकार की चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने पर, फर्स्ट एड में रखी दवाईयों का उपयोग करें। यात्रा के दौरान किसी यात्री को हॉर्ट अटैक आने पर, किस स्थिति में, उसे किस प्रकार सी.पी.आर. दी जाकर, उसकी जान बचाई जा सकती है, का उपस्थित चालक/परिचालकों को सी.पी.आर. दिये जाने संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया। यात्री/चालक/परिचालक की दुर्घटना में मृत्यु होने अथवा गंभीर चोट लगने पर उसके पूरे परिवार को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।




शिविर में बताया गया कि यात्री बसों के संचालन के समय, बस में समस्त वैध दस्तावेज जैसे पंजीयन कार्ड, बीमा, परमिट, फिटनेस व पीयूसी अनिवार्य रूप से रखें। चालक व परिचालक वर्दी में हो व नेमप्लेट लगी हुई हो साथ दोनों के पास वैध लायसेंस हों। यात्री बसों में पेनिक बटन अनिवार्य रूप से लगवाई जावें। समस्त यात्री वाहनस्वामी अपनी यात्री बसों की हेड लाईट, साईड ग्लास, व्हाईपर, हार्न, खिडकियों के कॉच, टॉयर, आपातकालीन खिड़की को दुरूस्त होने पर ही बसों का संचालन करें। आपातकालीन खिडकी में चिटकनी लगी हुई हो, खिड़की रस्सी से बंधी हुई ना हो एवं आपातकालीन स्थिति में वह आसानी से खुल सके। यात्री बसों में यात्रियों से नियमानुसार किराया लिया जावे एवं यात्रियों से चालक/परिचालक व्दारा अभद्र व्यवहार नहीं किया जावें। यात्री बसों में बैठक क्षमता अनुसार ही यात्रियों को बिठाये व ओव्हरलोडिंग ना करें। निर्धारित मार्ग पर संचालित बस को, वाहनस्वामी व्दारा बस को उसे जारी परमिट में उल्लेखित मार्ग पर ही बस का संचालन किया जावें। वाहनस्वामी व्दारा यह भी सुनिश्चित किया जावे कि चालक/परिचालक शराब पीकर वाहन नहीं चलावें तथा किसी भी प्रकार यांत्रिक अथवा भौतिकी खराबी होने की दशा में वाहन संचालन नहीं करें अन्यथा की दशा में संबंधित के विरूध्द वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। बस तेज गति से नहीं चलावें, बस में लगे स्पीड गवर्नर के अनुसार ही संचालित करें। वर्षाकाल में वाहन का मेन्टेनेस जैसे ब्रेक गियर, वाईपर, छत तिरपाल, हेडलाईट इंडीगेटर आदि जाँचने के उपरांत ही वाहन संचालित करने की अपने स्टॉफ को अनुमति दें। वर्षाकाल में किसी पुल/पुलिया पर पानी होने की दशा में वाहन को किसी भी स्थिति में न चलावें। वर्षा होने की स्थिति में वाहन की गति धीमी एवं नियंत्रित रखें व यातायात के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें। शिविर में बताया गया कि दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने पर, यात्री बस संचालित होते पाई जाने पर, संबंधित वाहनस्वामी/चालक/परिचालक के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम 1988 की सुसंगत धाराओं के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

इसके अलावा अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री जगदीश बिल्लौरे द्वारा गुरूवार को यात्री बसों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान यात्री बसों के चालक/परिचालकों को, बसों के सुरक्षित संचालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। यात्री बसों में सुरक्षा के मानकों जैसे फर्स्ट ऍड बाक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर का उपयोग, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, ओव्हरलोडिंग नहीं करने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने एवं आपातकालीन खिडकी के पास सीट नहीं लगाये जाने, जिससे आपातकाल के समय खिडकी आसानी से खोली जा सके संबंधी समझाईश भी दी गई। जिन बसों में अनिमियताएं पाई गई, ऐसी यात्री बसों पर केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं जैसे वर्दी, नेम प्लेट, खतरनाक तरीके से वाहन संचालन अन्य धाराओं में कार्यवाही करते हुये 7 हजार रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया।

# कुपोषित नवजात शिशुओ का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



इटारसी। कलेक्टर नीरज सिंग के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी , महिला बाल विकास योगेश घाघरे के मार्गदर्शन में परियोजना इटारसी के कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में किया गया । इस दौरान 0 से 5 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण अधीक्षक डॉ. आर.के. चौधरी एवं डॉ. विवेक चरण दुबे द्वारा किया गया ।

पोषण पुनर्वास केंद्र से फीडिंग स्त्रद्गद्वश्ठ्ठद्यह्लह्वह्लश्ह मुक्ता हनोतिया एवं वैशाली द्वारा बच्चो की स्क्रीनिंग कर कुपोषण स्तर को चिन्हित किया गया।

शिविर में 62 बच्चों की जांच कर 22 बच्चे कुपोषित एवं 3 बच्चे चिकित्सकीय जटिलता की श्रेणी चिन्हित किया गया । चिकित्सा जटिलता वाले बच्चों को डॉक्टर द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र में रेफर कर सभी बच्चों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया । आयोजित इस जांच शिविर में क्षेत्र की परियोजना सुपरवाइजर दीप्ति शुक्ला, वर्षा पवार , रेखा मालवीय, छवि यादव, मीना गाठले सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं कुपोषित बच्चों को अभिभावक मुख्य रूप से उपस्थित रहें ।

# महिलाओं के नेतृत्व में विकास को बढ़ावा देने के लिए बेंगलुरु में डब्ल्यू20-एमएएचई महिला कुलपति सम्मेलन

**बेंगलुरु, एजेंसी।** मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई) 26-27 मई 2023 को बेंगलुरु में डब्ल्यू20-एमएएचई महिला वाइस चांसलर और लीडर्स कॉन्क्लेव की मेजबानी करने के लिए तैयार है। डब्ल्यू20 लैंगिक समानता पर केंद्रित आधिकारिक जी20 से जुड़ने का समूह है। इसका प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लैंगिक विचारों को जी20 चर्चाओं में मुख्य धारा में शामिल किया जाए और जी20 के नेताओं की घोषणा में उन नीतियों और प्रतिबद्धताओं के रूप में शामिल किया जाए जो लैंगिक न्याय और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दें। मेगा इवेंट में भारत के विभिन्न हिस्सों की 40 से अधिक अग्रणी महिलाएं भाग लेंगी, जो विकास के हाशिये पर मौजूद सभी लोगों के लिए समानता को आगे बढ़ाने के लिए सार्थक चर्चा में शामिल होंगी। यह चर्चा पांच विषयों पर समानांतर रूप से होगी। ये हैं - उच्च शिक्षा में महिलाएं, श्रम बल की भागीदारी, कौशल विकास, देखभाल के कार्य और नेतृत्व। इससे संबंधित वर्किंग पेपर प्रकाशित किया गया है, जिसमें प्रत्येक से संबंधित डेटा प्रस्तुत किया गया है। इस तरह, साक्ष्य-आधारित नीतिगत सिफारिशें हुई हैं। प्रत्येक पैनल चर्चा के लिए अग्रणी लोगों का चुनाव सावधानीपूर्वक किया गया है और डब्ल्यू20 को प्रस्तुत की जाने वाले अनुशंसाओं के चार्टर के सामने आने की संभावना है। डब्ल्यू20 के अध्यक्ष और मुख्य समन्वयक के भी इस कार्यक्रम में भाग लेने की उम्मीद है। एमएएचई कैंपस, बेंगलुरु में में 26 मई को लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एमडी वेंकटेश, वाइस चांसलर, एमएएचई कॉन्क्लेव की शुरुआत करेंगे और डब्ल्यू20 की चेयरपर्सन डॉ . संध्या पुरेचा के साथ स्वागत भाषण होगा।

# एचएमडी ग्लोबल ने लॉन्च किया नोकिया सी32

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचएमडी ग्लोबल ने आज पॉपुलर सी-सीरीज रेंज का पहला स्मार्टफोन नया नोकिया सी32 लॉन्च किया। इसमें 50 मेगापिक्सल का ड्यूल कैमरा है, जिससे मिलती है एडवांस इमेजिंग और भी किफायती मूल्य पर। नए डिजाइन में एंड्रॉयड 13 है, साथ ही प्रीमियम फील के लिए टफ ग्लास फिनिश है। एचएमडी ग्लोबल के भारत और एपीएसी के वीपी रवि कुंवर ने कहा, नोकिया सी22 के हालिया सफल लॉन्च के बाद हम विश्वसनीय परफॉर्मेंस, शानदार फोटो और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ देने वाले नोकिया सी32 को पेश करते हुए रोमांचित हैं। भारत में नोकिया सी-सीरीज की सफलता हमें इस सेगमेंट में शानदार वैल्यू और इनोवेशन की पेशकश जारी रखने के लिए प्रेरित करती है। इसके अलावा, हम मानते हैं कि कीमत के आगे डिजाइन से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए हमने इसमें टफ ग्लास फिनिश को शामिल किया है जो आमतौर पर बहुत प्रीमियम फोन में मिलती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उतना ही अच्छा दिखे, जितनी अच्छी तस्वीरें लेता है। टफ ग्लास बैक, ड्यूलटोन फिनिश और सुरुचिपूर्ण सीधी साइडवॉल के साथ यह नया डिजाइन सी-सीरीज को नॉर्डिक प्रीमियम के नए दौर में ले जाता है। चमकीले 6.5 इंच के एचडी+ डिस्प्ले में तीन बोल्ड रंगों, चारकोल, ब्रीजी मिंट और बीच पिंक के विकल्प दिए गए हैं, वह भी मैचिंग एक्सेंट डिटेल्स के साथ। 50 एमपी एआई ड्यूल मेन कैमरा और 8 एमपी सेल्फी कैमरा हार्डवेयर से अधिकतम लाभ उठाने के लिए शक्तिशाली इमेजिंग एल्गोरिदम द्वारा समर्थित हैं। पहले से कहीं अधिक रोशनी कैप्चर करने वाला और आगे और पीछे दोनों कैमरों में पहले से तैयार नाइट मोड से सुसज्जित नोकिया सी32 प्रकाश की कैसी भी स्थिति में प्रभावशाली तस्वीरें देता है। एंड्रॉयड13 के फायदों का तुरंत आनंद लें और नोकिया सी32 को अपनी स्टाइल के अनुसार खास बनाने के लिए अपने वॉलपेपर के अनुसार ऐप्स को कस्टमाइज्ड किया जा सकता है।

# 2023 में दुनिया के अन्य देशों की तुलना में ज्यादा भारतीय अपनी स्किल्स को निखारना चाहते हैं

**बेंगलुरु, एजेंसी।** प्रमुख एडटेक प्लेटफॉर्म ग्रेट लर्निंग ने अपस्किलिंग ट्रेंड्स रिपोर्ट 2023 के भारतीय संस्करण के प्रकाशन के बाद इसका ग्लोबल संस्करण लॉन्च किया है। रिपोर्ट के इस नए संस्करण में दुनिया भर में मौजूद उन ट्रेंड्स की जानकारी मिलती है, जो व्यक्ति को किसी कौशल में दक्षता हासिल करने की इच्छा को प्रभावित करते हैं। अमेरिका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण पूर्व एशिया और मध्यपूर्व एशिया, खासतौर पर इन चार प्रमुख बाजारों में, अपस्किलिंग के कोर्सेज की भारी मांग को इस रिपोर्ट का आधार बनाया गया है। यह रिपोर्ट लोगों की किसी कौशल में दक्ष होने की इच्छा पर प्रकाश डालती है। नए कौशल में दक्ष होने की प्रेरणा देने का कारक बनती है, दूसरे लोगों को नए कौशल में निपुण बनाने की राह में आने वाली रुकावटों को दूर करती है। इसके साथ ही यह रिपोर्ट ऑफिस में अपने कर्मचारियों को नए कौशल में दक्ष बनाने की शुरुआत पर प्रकाश डालती है। रिपोर्ट में सुझाए गए ट्रेंड्स ग्रेट लर्निंग के शिक्षा प्रदान करने के अपने तरीकों और दुनिया भर के वर्किंग प्रोफेशनल्स की अपस्किलिंग के सैंपल के संयोजन से उभरे हैं। भारत में अन्य देशों की अपेक्षा ज्यादा प्रोफेशनल्स भविष्य में कॅरियर की राह को उज्वल बनाने के लिए नए कौशल में दक्ष होने को जरूरी मानते हैं। भारत में 85 फीसदी प्रोफेशनल्स अपने कॅरियर को रफ्तार देने के लिए अपने कौशल को बढ़ाने को काफी महत्वपूर्ण मानते हैं, जबकि दुनिया भर में औसतन, केवल 76 फीसदी प्रोफेशनल्स अपनी स्किल्स बढ़ाने को अहमियत देते हैं।

# ऐवरोइंडिया का वित्त वर्ष 23 का एबिटडा 53.20 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर प्रोडक्ट की एक प्रमुख निर्माता, ऐवरो इंडिया लिमिटेड (एनएसई - एवं बीएसई -543512) ने वित्त वर्ष 23 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए ऐवरो इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा, हम आय में प्रभावशाली वृद्धि और लाभप्रदता में सुधार के साथ वर्ष की समाप्त पर हर्षित हैं। हमारीव्यूहनीतियों और लागत नियंत्रित करने के प्रयासों से हमें लाभ अधिकतम करने में मदद मिली है। हमने हमारे विस्तृत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ बढ़ती डिमांड पूरी की है जबकि रीसाइकलिंग प्लांट ने हमारी लागत नियंत्रित करने में मदद की है।

# ओरिएंटबेल टाइल्स ने नई पहलों को शुरू किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओरिएंटबेल टाइल्स, जो कि भारत की लीडिंग टाइल मैन्युफैक्चरर में सेएक होने के साथ साथ, 45 से अधिक वर्षों से टाइल इंडस्ट्री में इनोवेशनके मामले में भी सबसे आगे है। टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए, कंपनीने हाल ही में देश भर के अपने तमाम ग्राहकों के लिए टाइल्स खरीदारी को आसान बनाने के लिए कई नई पहलों को शुरू किया हैं। जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के पास समय का अभाव होता जा रहा है, वैसे-वैसेओरिएंटबेल टाइल्स ने अपने टाइल-शॉपिंग प्रोसेस को आसान बनाने केलिए डिजिटल टूल्स की अत्याधुनिक रेंज पेश की है। जिसमे कंपनी कीवेबसाइट एडवांस्डई-कॉमर्स-जैसे सर्च फिल्टरकी सुविधा प्रदान कर, आपको 3000 से अधिक एसकेयू के माध्यम सेटाइल्स को छाटने में मदद करती है। इसके अलावा आप सिलेक्टेड टाइलकी पिक्चर को अपलोड कर अपने कमरे में भी आज़मा सकते हैं! आपकलर, साइज या कमरे के अनुसार भी टाइल्स को एक्स्प्लोर कर सकतेहैं। इसके साथ साथ आप अपने पास मौजूद किसी भी अन्य इंस्पायरिंगपिक्चर के समान टाइलें भी प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 16 प्रतिशत घटा, एक दशक में पहली बार गिरावट

## 2022-23 में 71 अरब डॉलर का एफडीआई आया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 2022-23 में 16.3 फीसदी घटकर 71 अरब डॉलर रह गया। यह एक दशक में पहली बार है, जब किसी वित्त वर्ष में एफडीआई प्रवाह घटा है। इससे पहले 2012-13 में कुल एफडीआई में गिरावट आई थी।उस समय यह 26 फीसदी कम होकर 34.29 अरब डॉलर रहा था।

आरबीआई ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में नरमी सेएफडीआई में गिरावट आईहै।केंद्रीय बैंक के मुताबिक, 2021-22 में देश में कुल 81.97 अरब डॉलर का एफडीआई आया था।यह 2019-20 की तुलना में 10 फीसदी अधिक था।आरबीआई के ताजा बुलेटिन में प्रकाशित लेख के अनुसार, 2022-23 में शुद्ध एफडीआई भी सालाना आधार पर 27 फीसदी की गिरावट के साथ 28 अरब डॉलर रह गया।2021-22 में देश में 38.6 अरब डॉलर का शुद्ध एफडीआईआया था।

**सेमीकंडक्टर उद्योग में 26.2 अरब डॉलर का विदेशी निवेश-** आंकड़ों के मुताबिक, भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग में 2022-23 के दौरान 26.2 अरब डॉलर का एफडीआईआया।इस क्षेत्र में एफडीआई के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है।अमेरिका 33.8 अरब डॉलर के विदेशी निवेश के साथपहले स्थान पर रहा है।

**विदेशी मुद्रा भंडार खराब स्थिति में भी जरूरतें पूरी करने को पर्याप्त...-** इधर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सीआईआई के कार्यक्रम में कहा, देश का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत है। इससे भारत सबसे खराब स्थिति में भी अगले पांच-छह साल की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए संतोषजनक स्थिति में है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य विकासशील देश ऐसी बेहतर स्थिति में नहीं है। यह पहली बार है, जब कारोबारी ब्याज दरों को विकसित देशों के समान देख रहे हैं। गोयल ने कहा, यह निवेश, वृद्धि, हमारी अंतरराष्ट्रीय पहुंच का विस्तार करने, प्रौद्योगिकी लाने और देश में नवाचार लाने के लिए एक आकर्षक मामला है।

**एफटीए पर तेज वार्ता चाहते हैं भागीदार-** उन्होंने कहा कि भारत के व्यापारिक भागीदार मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत में तेजी चाहते हैं। यह वैश्विक व्यवस्था में भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। भारत 2030 तक 2 लाख करोड़ डॉलर का निर्यात लक्ष्य प्राप्त कर लेगा।

**माल ढुलाई की लागत तीन साल में 9 फीसदी पर लाने की कोशिश...-** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा, सरकार माल ढुलाईयानी लॉजिस्टिक लागत को अगले तील साल में घटाकर जीडीपी के 9 फीसदी पर लाने की कोशिश में जुटी है।अभी यह लागत 14-16 फीसदी है।गडकरी ने कहा, लॉजिस्टिक लागत को जीडीपी के 10 फीसदी से नीचे लाने का असर निर्यात में वृद्धि के रूप में दिखेगा।उद्योगों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा।

# गजब ! नविडिया ग्रुप ने एक घंटे में कमा लिए 220 अरब डॉलर, मार्केट कैप में फेसबुक से भी आगे निकली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी नविडिया ग्रुप ने कमाल कर दिया। कंपनी के मार्केट कैप में एक घंटे में 220 अरब डॉलर की उछाल आई। इसके साथ ही यह कई दिग्गज कंपनियों को पछाड़ते हुए मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की छठी सबसे बड़ी कंपनी बन गई। कंपनी ने अपने रिजल्ट की घोषणा करते हुए स्ट्रॉन्ग रेवेन्यू ग्रोथ का अनुमान जताया है। साथ ही कंपनी ने घोषणा की है कि वह एआई चिप की बढ़ती मांग को देखते हुए इनका प्रॉडक्शन बढ़ा रही है। कंपनी की इस घोषणा से उसके स्टॉक 28 फीसदी चढ़कर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 960 अरब डॉलर पहुंच गया। इस तरह नविदिया दुनिया की छठी और अमेरिका की पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई।



नविदिया ने मार्केट कैप के मामले में चिप बनाने वाली दूसरी कंपनियों को कहीं पीछे छोड़ दिया। एएमडी का कुल मार्केट कैप 175 अरब डॉलर, इंटर का 120 अरब डॉलर और माइक्रोन का 73 अरब डॉलर है। यानी नविदिया ने एक घंटे में इंटेल और माइक्रोन के कंबाइंड मार्केट के कंबाइंड वैल्यू से ज्यादा मार्केट कैप जोड़ लिया। नविदिया का रेवेन्यू पिछली तिमाही के मुकाबले 19 फीसदी बढ़ा है। कंपनी के रिजल्ट के कारण एआई से जुड़ी दूसरी कंपनियों के शेयरों में भी काफी तेजी देखी गई।

**मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी-** आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी है। इसका मार्केट कैप 2.702 ट्रिलियन डॉलर है। दूसरे नंबर पर माइक्रोसॉफ्ट है जिसका मार्केट कैप 2.333 ट्रिलियन डॉलर है। सऊदी अरामको 2.065 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरे, गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट 1.539 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथे और ऐमजॉन 1.197 ट्रिलियन डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर हैं। वॉरेन बफे की कंपनी हैथवे बर्कशायर 700.60 अरब डॉलर के साथ सातवें और मेटा प्लेटफॉर्म (फेसबुक) 638.65 अरब डॉलर के साथ आठवें नंबर पर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज 198.47 अरब डॉलर के साथ 49वें नंबर पर है। रेवेन्यू के हिसाब से वॉलमार्ट दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है।

# MG मोटर ने भारत में 10,000 ZS EV की बिक्री की

**गुरुग्राम ।** मोटर इंडिया ने आज घोषणा की कि पूरी दुनिया में कामयाबी का परचम लहराने वाले कंपनी के सबसे लोकप्रिय वाहन, ZS EV ने भारत में 10,000 यूनिट की बिक्री का आँकड़ा पार कर लिया है। MG ZS EV



भारत की पहली प्योर-इलेक्ट्रिक इंटरनेट SUV है, जो लॉन्च के बाद से ही भारत में EV को पसंद करने वाले लोगों के बीच एक लोकप्रिय ग्रीन-प्लेट बन गई है। बिल्कुल-नई ZS EV 2 अलग-अलग वेरिएंट्स (एक्साइट और एक्सक्लूसिव) में उपलब्ध है, जिनकी क़ीमत क्रमशः 23,38,000 रुपये* और 27,29,800 रुपये* है।

ZS EV में चार्जिंग के लिए 6 अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं- DC सुपर-फास्ट चार्जर्स, AC फास्ट चार्जर्स, MG के डीलरशिप पर AC फास्ट चार्जर, ZS EV के साथ पोर्टेबल चार्जर, चौबीसों घंटे RSA (रोडसाइड असिस्टेंस) की मदद से चलते-फिरते चार्जिंग की सुविधा, तथा MG चार्ज पहल - जो MG इंडिया द्वारा शुरू की गई अपने आप में अनोखी पहल है। इस पहल का उद्देश्य देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए 1000 दिनों में पूरे भारत में सामुदायिक स्थानों पर 1000 ष्ट फास्ट चार्जर इंस्टॉल करना है। स्त्र इंडिया की ओर सठ ZS EV खरीदने वाले ग्राहकों के घर या कार्यालय में मुफ़्त में AC फास्ट चार्जर इंस्टॉल किया जाता है।

# मध्य प्रदेश कांग्रेस यंग बिग्रेड अध्यक्ष बने गजानंद तिवारी

## शहर पहुंचने पर तिवारी का पुष्पमाला से भव्य स्वागत



**इटारसी।** कांग्रेस यंग बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में युवा चेहरा कांग्रेश में शहर के जुझारू गजानंद तिवारी को मिला है , कांग्रेश ने यह पद देकर आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश सहित नर्मदापुरम - इटारसी में भाजपा का विरोध करने के लिए मजबूत युवा प्रस्तुत कर दिया है। हाल ही में तिवारी ने जनहित सहित भाजपा के विरोध में छोटे-छोटे मुद्दों को उठाकर कांग्रेस संगठन में मजबूत पेट बना ली है । शहर की कानाफूसी से ऐसा माना जा रहा है कि सत्तापक्ष का विरोध इस समय कोई अन्य कांग्रेसी नहीं कर पा रहे है , इसी बात को ध्यान मे रखते हुए गजानंद तिवारी को प्रदेश यंग बिग्रेड प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है शहर में प्रथम बार आने पर गजानन तिवारी का पुष्प माला से कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किया, विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस ने चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए मजबूत से मजबूत युवाओं को मौका दे रही है जिससे सत्ता पक्ष के नीति विरोधी मुद्दों को मजबूती से उठाया जा सके।

तिवारी ने कांग्रेश के लिए प्रत्यक्ष रूप से समय-समय पर बेहद संघर्षमय काम कर दिखाये हैं और परिणाम स्वरूप तिवारी को प्रदेश के बड़े स्थान पर ए ग्रेड का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया।

गजानन तिवारी से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि कांग्रेश साथियों ने जो सहयोग मुझे दिया उसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने मुझ पर विश्वास कर आने वाले चुनाव से पहले बड़ी जवाबदारी देकर मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है, मैं माननीय कमलनाथ के विश्वास पर खरा उतरूंगा साथ ही पुरजोर मेहनत कर दमदारी के साथ कांग्रेश के लिए ?काम करूंगा।

# टाटा मोटर्स को विजयानंद ट्रैवेल्स से 50 मैग्ना 13.5-मीटर बसों का ऑर्डर मिला

**मुंबई, एजेंसी।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली भारत की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स ने आज विजयानंद ट्रैवेल्स से 50 मैग्ना 13.5-मीटर बसों का प्रतिष्ठित ऑर्डर मिलने की घोषणा की है। अत्याधुनिक मैग्ना बसें अपने शानदार डिजाइन और अत्याधुनिक खूबियों के कारण जानी जाती हैं और विजयानंद ट्रैवेल्स को इनकी आपूर्ति एक चरणबद्ध तरीके से की जाएगी, जोकि अनुबंध की स्वीकृत शर्तों के अनुरूप है। फुली-बिल्ट यह बीएस6 डीजल बसें इंटर-सिटी ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर में कम्फर्ट, ईंधन क्षमता और विश्वसनीयता के मानकों को नई परिभाषा देने के लिये तैयार हैं।



अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, विजयानंद ट्रैवेल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शिव संकेश्वर ने कहा, हम टाटा मोटर्स के साथ भागीदारी करके उनकी अत्याधुनिक मैग्ना बसों को अपने बेड़े में शामिल कर उत्साहित हैं। यह बसें अपने कीमती यात्रियों को यात्रा का एक आरामदायक और विश्वसनीय अनुभव देने के हमारे नजरिये से पूरी तरह मेल खाती हैं। हम मुख्य रूप से मैग्ना बसों के अत्याधुनिक आरामदायक फीचर्स में रुचि रखते हैं, जो हमारे यात्रियों और ड्राइवर्स की सुरक्षा तथा आराम सुनिश्चित करने में सहायक होंगे। हमें अपने यात्रियों को सर्वश्रेष्ठ संभव यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिये टाटा मोटर्स के साथ मिलकर काम करने और एक सफल भागीदारी की आशा है।

# एनिग्मा ने क्रिंक और जीटी450, क्रिंक वी1 और जीटी450 प्रो के हाई-स्पीड वैरिएंट लॉन्च किए

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य भारत के एक युवा मेक-इन-इंडिया ईवी निर्माता एनिग्मा ने आधिकारिक तौर पर अपने प्रसिद्ध क्रिक (ट्रेडमार्केड) और जीटी450 (ट्रेडमार्केड) श्रृंखला के अत्यधिक प्रत्याशित हाई-स्पीड वेरिएंट लॉन्च किए हैं। क्रिंक वी1 और जीटी450 प्रो मॉडल की शुरुआत के साथ, एनिग्मा ईवी 2-व्हीलर्स की दुनिया में तेजी लाने के लिए एक नई गति स्थापित कर रहा है। एनिग्मा ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के दोनों मॉडल, उच्च गुणवत्ता वाले चेसिस, एल्यूमीनियम मिश्र धातु सामग्री से बना, मजबूत, टिकाऊ और स्मार्ट नियंत्रकों के साथ एक मजबूत वाहन हैजो अत्याधुनिक लिथियम बैटरियों के साथ सहज अनुकूलहै। यह वाहन श्रेणी की अग्रणी एआईएस 156 फेज-2, संशोधन 3 अनुमोदित लिथियम-आयन बैटरी के साथ आता है। 20 से 40 वर्ष की उम्र के बीच के समझदार दर्शकों को लक्षित करते हुए, एनिग्मा का उद्देश्य उन यात्रियों को आकर्षित करना है जो शैली, प्रदर्शन और लागत दक्षता के सामंजस्यपूर्ण संलयन की तलाश करते हैं।

जीटी450 संस्करण की बिक्री 89,000 रुपये के आकर्षक कीमत पर शुरू होगी , जबकि क्रिंक वी1 संस्करण 94,000 रुपये से शुरू होगा, जो एनिग्मा के मिशन के अनुरूप प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करेगा। अपने शुरुआती ग्राहकों का आभार व्यक्त करने के लिए, एनिग्मा ने पहले 1,000 ग्राहकों के लिए एक विशेष पेशकश की, उन्हें ईवी त्वरण के लिए प्रशंसा के प्रतीक के रूप में एक अतिरिक्त मानार्थ सेवा प्रदान की। सुविधा बढ़ाने और बुकिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए, एनिग्मा ग्राहकों को ऑर्डर देने के लिए कई चैनल प्रदान करता है, जिसमें बाइक देखो जैसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एनिग्मा अपनी वेबसाइट पर एक ऑनलाइन ऑर्डर फॉर्म लॉन्च करने की प्रक्रिया में है, जो ग्राहकों को सहज और उपयोगकर्ता के अनुकूल ईवी कीबुकिंग करना आसान बनाएगा।

**जीटी450 प्रो को 89,000 रुपये और क्रिंक वी1 को 94,000 रुपये के एक्स-शोरूम कीमत पर लॉन्च किया गया**

हम कालातीत लालित्य और अत्याधुनिक प्रदर्शन के उत्कृष्ट मिश्रण का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रिंक वी 1 और जीटी 450 प्रो का अनावरण करने से प्रसन्न हैं। जहां क्रिंक वी1 अपनी रेट्रो स्टाइलिंग के साथ राइडर्स को पुराने सफर पर ले जाता है, वहीं जीटी 450 प्रो फ्यूचरिस्टिक डिजाइन को प्रदर्शित करता है। ये अत्याधुनिक जोड़ मेक-इन-इंडिया ईवी क्षेत्र में नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। इन नए वैरिएंट का बढ़ा हुआ प्रदर्शन और शानदार गति हमारे ग्राहकों को टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देने के साथ-साथ बेजोड़ ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए एनिग्मा के समर्पण का उदाहरण है।

# हिंदुजा फैमिली ने संडे टाइम्स रिच लिस्ट में पाँचवीं बार शीर्ष स्थान हासिल किया

**मुंबई , एजेंसी।** हिंदुजा फैमिली और 108 साल पुराने एवं अरबों डॉलर के टर्नओवर वाले बहुराष्ट्रीय समूह, हिंदुजा समूह के सह-अध्यक्ष, गोपीचंद हिंदुजा ने 35 बिलियन यूरो के साथ संडे टाइम्स की अमीरों की सूची (संडे टाइम्स रिच लिस्ट) में पांचवीं बार शीर्ष स्थान हासिल किया है। द संडे टाइम्स रिच लिस्ट यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले शीर्ष 1,000 व्यक्तियों या परिवारों की शुद्ध संपत्ति रैंकिंग को संकलित करती है, उनमें से सबसे अमीर व्यक्ति के नाम को उजागर करती है। यह प्रतिष्ठित रैंकिंग हिंदुजा समूह की उल्लेखनीय उपलब्धियों और व्यापार की दुनिया में उत्कृष्ट सफलता का प्रमाण है।



ऑटोमोटिव, वित्त, ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में हिंदुजा परिवार के योगदान ने न केवल उद्योग मानकों को फिर से परिभाषित किया है बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी स्थिरतापूर्ण तरीके से प्रभाव डाला है। आकस्मिक रूप से, संडे टाइम्स रिच लिस्ट हिंदुजा समूह के अध्यक्ष, श्री एसपी हिंदुजा के निधन के कुछ घंटों के भीतर सामने आई। स्वर्गीय श्री एसपी हिंदुजा और श्री जीपी हिंदुजा के दूरदर्शी नेतृत्व और रणनीतिक मार्गदर्शन के तहत, समूह विविध उद्योगों में सफलता के अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ गया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए अपना आभार व्यक्त करते हुए, श्री गोपीचंद हिंदुजा ने कहा, मैं और मेरा परिवार प्रतिष्ठित संडे टाइम्स रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान हासिल करने पर विनम्रतापूर्वक आभार प्रकट करता है। मैं अपने भाइयों से प्यार करता हूं। हम चार शरीर एक आत्मा हैं। यह सम्मान न केवल हमारे परिवार की उत्कृष्टता के निरंतर प्रयास को स्वीकार करती है, बल्कि यह हिंदुजा परिवार के प्रत्येक सदस्य और हमारे संगठनों के भीतर असाधारण प्रतिभा द्वारा प्रदर्शित सामूहिक प्रयासों, अटूट समर्पण और उल्लेखनीय लचीलापन का प्रमाण भी है।

# एसरी इंडिया ने आइडियाफोर्ज के साथ हाथ मिलाया

## जीआईएस का उपयोग कर ड्रोन अपनाने को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक साझीदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने भारतीय मानवरहित विमान प्रणालियों में अग्रणी आइडियाफोर्ज के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की आज घोषणा की। इस साझीदारी का उद्देश्य भारत में ड्रोन को अपनाने को बढ़ावा देना है। एसरी इंडिया और आइडियाफोर्ज के बीच इस साझीदारी से एईसी, वनीकरण, कृषि, खनन, परिवहन, जन उपयोगी सेवाओं और रक्षा क्षेत्र में जटिल समस्याओं को हल करने के लिए जीआईएस के साथ ड्रोन सॉल्यूशंस को लागू करने में सहूलियत होगी। भारत में ड्रोन का उपयोग करने वाले लोगों को अपनी हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, प्रशिक्षण और सेवा जरूरतों को पूरी करने के लिए विभिन्न फर्मों के साथ काम करने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। कुशल कार्यबल की कमी चिंता का एक अन्य क्षेत्र है। इस साझीदारी से ये चुनौतियां काफी हद तक हल हो जाएंगी। साथ ही उपयोगकर्ता उन्नत जीआईएस एप्लीकेशंस के लिए ड्रोन वीडियो और फोटो का निर्बाध ढंग से एकीकरण करने में समर्थ होंगे और एसओपी एवं मानक कार्यप्रवाह स्थापित करने के साथ ही मोशन इमेजरी, लाइव स्ट्रीमिंग आदि के लिए सॉल्यूशंस विकसित कर सकेंगे। इस साझीदारी से उपक्रमों और सरकारी एजेंसियों को ड्रोन को उड़ाने और जीआईएस दोनों ही लिहाज से आवश्यक ड्रोन आधारित जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी।

# मंदिर, विद्यालय और चिकित्सालय दोनों का ही काम करते हैः जगदगुरू शंकराचार्य

## बड़ी माता मंदिर के पुनर्निर्माण का भूमिपूजन व शिलान्यास समारोह



**छिंदवाड़ा।** 21वी सदी में लोग प्रश्न करते है कि मंदिर के बजाय विद्यालय और चिकित्सालय बनाया जाना चाहिये, मंदिर विद्यालय एवं चिकित्सालय दोनों का ही काम करते है, जब आदमी मन्दिर जायेगा तो वह धर्म से जुड़े तो उसे विद्या का ज्ञान होगा और जब वह मंदिर जायेगा पूजा अर्चना करेगा तो उसकी जीवनचर्या ठीक रहेगी तो उसे चिकित्सालय नहीं जाना पड़ेगा, उक्त बाते ज्योतिष्पीठाघर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानन्द ने बड़ी माता मंदिर के भूमि पूजन शिलान्यास समारोह में कही, उन्होने कहा कि समय-समय पर परिस्थितियां बदलती है, जैसे शरीर नश्वर है किन्तु आत्मा अमर है, वैसे परिवर्तन होते रहता है, मातारानी के मंदिर का पुर्निर्माण एक पुण्य कार्य है, इसको बनाने की समय सीमा एक वर्ष रखी गई है। यह समय सीमा पर बन जावेगा, उन्होने आम जनों से अपील की है कि आम जन अपनी क्षमता एवं सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करें। आप किसी की रास्ता न देखे कि फंला देगा तब हम देंगे। आप पहले सहयोग करें और पहले पुण्य कमायें।

शंकराचार्य जी ने बताया कि एक मंदिर को हमने देखा था उसमें लिखा था यह एक दिन में बनकर तैयार हो गया है, जो संभव नहीं है, उन्होने अपने गुरू से पूछा तो उन्होने बताया कि देवताओं का एक दिन एक वर्ष के बराबर होता है और यह दैवीय कार्य है, इसीलिए इसका निर्माण में एक दिन लगेगा। वे मंदिर के निर्माण की समय समय पर समीक्षा भी करेंगे।

### गुरूजी का संबंध छिंदवाड़ा से ही है

उन्होने अपने गुरू स्वामी स्वरूपानन्द जी के बारे में कहा कि उनका छिंदवाड़ा से संबंध रहा है 1924 में जब उनका प्रादुर्भाव हुआ था तब सिवनी-छिंदवाड़ा जिले में ही था। उन्हें स्वरूपानन्द की उपाधि छिंदवाड़ा से ही स्वामी मुक्तानन्द जी महाराज ने दी है। उन्होने कहा कि स्वामी जी का एक कीर्तिस्तभ छिंदवाड़ा में बनाना चाहिये इस संबंध में महापौर से उन्होने चर्चा की है।

### हिन्दु राष्ट्र की जगह रामराज्य की चर्चा होनी चाहिये

जगदगुरू शंकराचार्य ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि देश में हम हिन्दुराष्ट्र की बाते करते है, मैं हिन्दुराष्ट्र के बजाय रामराज्य का पक्षधर हूं क्योकि हिन्दुराष्ट्र को लेकर देश में गोलबन्दी एवं राजनीति हो रही है, इससे हिन्दु धर्म मानने वाले जुड़े अन्य धर्म के लोग अलग हो जायेंगे। रामराज्य होगा तो सभी को न्याय मिलेगा, सभी प्राणी बराबर की दृष्टि से देखे जायेगे।

### ईसाईयों का धन्यवाद

जगदगुरू शंकराचार्य ने ईसाई धर्म के लोगों का आभार माना कि उन्होने मंदिर के निर्माण के लिए जमीन दी।

### जो अवसर को पहचाने वह अच्छा व्यवसायी

जगदगुरू शंकराचार्य कृषि उपज मंडी भी उन्होने कहा कि अच्छा व्यवसायी वह होता है जो अवसर को पहचान लेता है और अवसर के अनुसार व्यापार करता है।

### शिक्षा प्रणाली में बदलाव होना चाहिये

जगदगुरू शंकराचार्य जी ने कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली को बदलने की आवश्यकता है, शिक्षा प्रणाली ऐसी होनी चाहिये धर्म की शिक्षा दे जिससे हमारी संस्कृति नष्ट न हो। अभी हमारा ध्यान पाश्चात संस्कृति की ओर ज्यादा है, मैकाले की शिक्षा प्रणाली को बदला जाना चाहिये। इसके लिए देश में गुरूकुल प्रणाली को लागू करने की आवश्यकता है।

### राज्यों में खोलेंगे गुरूकुल

गुरूजी स्वामी स्वरूपानन्द जी की इच्छा के अनुसार हमारा प्रयास है कि देश के प्रत्येक स्टेट में एक गुरूकुल की स्थापना करना, उनकी इच्छा थी 10 हजार छात्र-छात्राओं का गुरूकुल बने जो हमारी संस्कृति की रक्षा कर सकें। सरकारों ने संविधान में संशोधन कर धारा 30 के अनुसार हिन्दु धर्म की शिक्षा नहीं दे सकते जो गलत है, 75 साल हो गये संविधान में संशोधन नहीं हुआ, हमारा प्रायास होगा कि धारा 30 को हटाया जावे ।

### वन मंत्री शंकराचार्य से की भेंट

वन मंत्री कुअर विजय शाह ने जगदगुरू शंकराचार्य के प्रवचनों का लाभ लिया और उनके दर्शन कर उनसे भेंट की उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष एवं अन्य भाजपा नेता उपस्थिति थे।

## पूर्व सीएम कमलनाथ ने नगर शक्तिपीठ मंदिर में टेका माथा

### गुलाबरा में जैन मुनि आचार्य श्री का लिया आशीर्वाद



**छिन्दवाड़ा-** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आज नगर शक्तिपीठ बड़ी माता मंदिर छोटी बाजार पहुंचे। मंदिर पहुंचते ही उन्होंने सर्वप्रथम मातारानी के चरणों में माथा टेका और अपने छिन्दवाड़ा जिले, प्रदेश व देश के हर वर्ग के लिये प्रगति, उन्नति व सुख शांति मांगी। विधि विधान से पूजा अर्चना कर जगत जननी मां जगदम्बे से सर्वकल्याण की प्रार्थना की साथ ही समस्त देवी देवताओं की आराधना कर मंदिर निर्माण का समिति द्वारा लिये गये संकल्प को फलिभूत करने की प्रार्थना की। छोटी बाजार में भव्य माता मंदिर का निर्माण किया जाना है जिस हेतु वर्तमान मंदिर के ठीक बाजू में ही नवीन मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया गया। आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी सम्मिलित हुये। मंदिर निर्माण के लिये चयनित दिव्य स्थल पर उपस्थित पंड़ितों, पुजारी व आचार्यों द्वारा मंत्रोंचार के साथ कमलनाथ के द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। उपस्थित धर्मप्रेमी बंधुओं व क्षेत्र के वरिष्ठ व गणमान्य नागरिकों के द्वारा पूर्व सीएम को मंदिर निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। छोटी बाजार में पूजा अर्चना करने के पश्चात पूर्व सीएम कमलनाथ गुलाबरा स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे। जैन मंदिर में पूर्व सीएम कमलनाथ ने पूजा अर्चना कर आचार्य श्री 108 प्रज्ञासागर महाराज का सानिध्य प्राप्त किया। आचार्य श्री 108 प्रज्ञासागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत उपस्थित धर्मप्रेमी बंधुओं से कमलनाथ ने चर्चा की,

## निगम कार्यालय का घेराव

**छिन्दवाड़ा।** कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 एवं वार्ड 9 में विगत कई वर्षों से व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु निगम कार्यालय का घेराव किया। इन वार्डों में वर्षों से निवासरत परिवारों से मकान टैक्स नहीं लिया जा रहा है साथ ही सभी को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। वार्डवासियों की समस्याओं को दूर कर मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने की मांग को लेकर कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फिरोज खान के नेतृत्व में निगम कार्यालय का घेराव किया गया। वार्डवासियों ने अपनी जायज मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर फिरोज खान, सपना वर्मा, शानू कुरैशी, आलोक गायकवाड, अशफाक कुरैशी, उषा राउत, इरफ़ान मंसूरी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## आदिवासी परधान महासंघ, आदिवासी विकास परिषद की बैठक 28 मई को

**छिंदवाड़ा।** जिला आदिवासी परधान महासंघ छिंदवाड़ा एवं म.प्र. आदिवासी विकास परिषद छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में आगामी विधानसभा चुनाव हेतु समाज की एकजुटता आदिवासी समाज की भूमियों का बहुतायत में सामान्य वर्ग को हो रही बिक्री का धन्धा आदिवासियों की भूमियों पर हो रहे निरंतर कब्जे आदि समस्याओं के साथ संघ के पुर्नगठन एवं विस्तार के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 28.05.2023 दिन रविवार को दोपहर 12.00 बजे से लघुवेतन कर्मचारी भवन बस स्टेंड, मोहन नगर रोड छिंदवाड़ा में आयोजित की गई है । बैठक में संघ/आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारियों सहित सामाजिक बंधुओं, मातृ शक्तियों से अधिक से अधिक सेंख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

## एन.पी.एस. की राशि का 100 प्रतिशत वापस करवाए सरकारः अनिल सूर्यवंशी

**छिंदवाड़ा।** क्रांतिकारी पुरानी पेंशन संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष ने सरकार से मांग की है कि 01 जनवरी 2005 से लागू नयू पेंशन स्कीम में कर्मचारी का 10 प्रतिशत और सरकार का 14 प्रतिशत पैसा जमा होकर रिटायरमेंट के समय एन.एस.डी.एल. कंपनी पूरे जमा पैसे का 60 प्रतिशत पैसा ही वापिस करती है, और 40 प्रतिशत की पेंशन के रूप में दी जाती है। लेकिन वही पर सेवा अवधि में कर्मचारी दिवंगत हो जाता है, तो उसके परिवार को 20 प्रतिशत राशि ही वापिस की जाती है, और 40 प्रतिशत की राशि पेंशन की रूप में दी जाती है, और 40 प्रतिशत पैसा कंपनी अपने पास जमा कर लेती है । प्रांतीय अध्यक्ष अनिल सूर्यवंशी ने मध्यप्रदेश एवं भारत सरकार से निवेदन किया है कि प्रत्येक एन.पी.एस. धारी कर्मचारी व अधिकारी को उनका जमा पैसे का पूरा का पूरा 100 प्रतिशत वापिस किया जावे एवं इसके बाद में पेंशन दी जावे एवं सेवा अवधि में दिवंगत कर्मचारी को भी मृत्यु दिनांक को 100 प्रतिशत पैसा वापस किया जावे एवं उसके परिवार के भरण-पोषण के लिए पैसा दिया जावे

## आयुष मेले में 1066 मरीजों का हुआ ईलाज

**छिंदवाड़ा।** लाइफस्टाइल फ़ॉर एनवोइरेमेंट के द्वारा लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय गतिविधि, भारत सरकार आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत एवं आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के तत्वाधान में जिला चिकित्सालय परिसर छिंदवाड़ा में विकासखंड स्तरीय आयुष मेले का आयोजन किया गया जिसमें जिला आयुष अधिकारी डा दत्तात्रेय भदाड़े के मार्गदर्शन एवं मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. एम के सोनिया, आर एम ओ डॉ. संजय राय और भारत विकास परिषद् के जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में भगवान धन्वंतरी पूजन के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में डॉ.प्रियंका उईके, डॉ नितिन टेकरे, डॉ प्रवीण रघुवंशी, डॉ बरखा ठाकुर द्वारा कुल 1066 रोगी परमश किया गया। जिसमें आयुर्वेद के 568एवं होम्योपैथी के 498व्यक्ति लाभान्वित हुए। देवारणय योजना अंतर्गत औषधीय पौधों की जानकारी एवं गिलोय परिजात, तुलसी के पौधे वितरण किया गया।

## कक्षा दसवी का 61 प्रतिशत, 12 वीं में 49 प्रतिशत विद्यार्थी हुए पास

### अमरवाड़ा की छात्रा कु.मौली नेमा प्रदेश में टॉप, 12 वी का रिजल्ट कोरोना ने बिगाड़ाः बघेल

**छिंदवाड़ा।** कक्षा दसवी और बारहवी के परीक्षा परिणाम में इस वर्ष भी छात्राओं ने बाजी मारी जिले में कक्षा दसवी का परीक्षा परिणाम 61.54 प्रतिशत रहा वहीं कक्षा 12 का परिणाम निराशा जनक रहा 49.1 प्रतिशत ही विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए । पिछले वर्ष की तुलना में 22 प्रतिशत रिजल्ट कम रहा। जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल बघेल का कहना है कि पूरे प्रदेश में ही 12 के परीक्षा परिणाम में गिरावट आई है। श्री बघेल का कहना है कि कोरोना काल के समय के विद्यार्थी थे जिसके कारण भी रिजल्ट का प्रतिशत कम हुआ है। कक्षा 12 वीं में 25125 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से 12337 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा 10 वीं में 25291 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे जिसमें से 15566 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए । प्रदेश की प्रवीण्य सूची में जिले के विद्यार्थियों ने भी अपना स्थान प्राप्त किया है। जिसमें जिले की अमरवाड़ा विकासखण्ड से ज्ञानदीप उमावि. अमरवाड़ा की कला समूह की छात्रा कु. मौली पिता अनिल नेमा ने 500 में से 489 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्रा को उनके परिचितों ने बधाई देते उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा से विज्ञान गणित के छात्र अनुज पिता राकेश महोर ने आठवां स्थान प्राप्त किया वहीं ब्राइट केरियर हाईस्कूल अमरवाड़ा से वाणिज्य समूह में की छात्रा कु. अनन्या पिता चन्द्र कुमार जैन को छटवा स्थान प्राप्त हुआ।



### कक्षा 12वीं के जिले की प्रावीण्य सूची के विद्यार्थी

जिले की प्रावीण सूची में जिले के चार विद्यार्थियों ने अपना स्थान प्राप्त किया है जिसमें सरस्वती शिशुमंदिर गणेश चौक छिंदवाड़ा की छात्रा खुशी पिता योगेश्वर बारापातरे ने 500 में से 477 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं वहीं शासकीय उमावि.पलटवाड़ा के दीपेश पिता अशोक को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ उन्होने 472 अंक प्राप्त किये, तृतीय स्थान पर डेनियलशन इंग्लिस मीडियम स्कूल उमावि. छिंदवाड़ा के छात्र अमेयाा जैन ने 471 अंक प्राप्त किये हैं। तृतीय स्थान पर ही 471 अंक शास.उमावि. संजय गांधी तीगांव की छात्रा प्राची वालके ने प्राप्त किया।

### कक्षा 10 वी मेरिट स्थान प्राप्त विद्यार्थी

जिले में मेरिट स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं में ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल चांद के छात्र सौम्या बन्देवार पिता विनीत बन्देवार ने 96.8 अंक प्राप्त किये वहीं शासकीय नंदलाल सूद उमावि.जुन्नारदेव की महिमा तोशनलाल पवार ने 96.6 प्रतिशत, राज राजेश्वरी पब्लिक स्कूल घोड़ावाड़ी के आयशा पिता ब्रजेश प्रसाद ने 96.6 प्रतिशत, ज्ञानदीप उमावि. अमरवाड़ा की छात्रा प्रतिभा श्याम कुमार वर्मा ने 96.6 प्रतिशत, लिटिल स्टेप उमावि. बोरगांव से आयुशी पिता नरेन्द्र गोड़बोले ने 96.4 प्रतिशत, शासकीय एलबीएस उमावि पांढुर्ना के लिजा पिता अब्दुल शेख ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर अपनी शाला को गौरांवित किया है।

### प्रदेश में अमरवाड़ा की छात्रा मौली नेमा टॉप

प्रदेश की प्रवीण्य सूची में जिले के विद्यार्थियों ने भी अपना स्थान प्राप्त किया है। जिसमें जिले की अमरवाड़ा विकासखण्ड से ज्ञानदीप उमावि. अमरवाड़ा की कला समूह की छात्रा कु. मौली पिता अनिल नेमा ने 500 में से 489 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्रा को उनके परिचितों ने बधाई देते उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा से विज्ञान गणित के छात्र अनुज पिता राकेश महोर ने आठवां स्थान प्राप्त किया वहीं ब्राइट केरियर हाईस्कूल अमरवाड़ा से वाणिज्य समूह में की छात्रा कु. अनन्या पिता चन्द्र कुमार जैन को छटवा स्थान प्राप्त हुआ।

### उत्कृष्ट विद्यालय में 96 प्रतिशत विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

शा.उत्कृष्ट विद्यालय के परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए प्राचार्य अवदूत काले ने बताया कि कक्षा 10 वी का 96.85 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम श्रेणी में 84 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए वहीं कक्षा 12 वी में 83.1 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें प्रथम श्रेणी में 76 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए।

### अंजली मालवी दसवीं में 89.8 प्रतिशत बनायें



**छिंदवाड़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर गणेश चौक छिदंवाड़ा में अध्ययनरत अंजली मालवी पिता संदीप मालवीय ने हाईस्कूल परीक्षा 2023 में 500 में से 449 अंक प्राप्त कर विद्यालय मं प्रथम स्थान प्राप्त किया। संदीप मालवी आटो चालक की दो बेटी है, बड़ी बेटी अंजली मालवी है जो डाक्टर बनने की इच्छा है।

## भारिया, सहरिया और बैगा जाति के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठानाः वन मंत्री

### तामिया , सौंसर परियोजना की समीक्षा करने आये



**छिंदवाड़ा।** वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि वे मुख्यमंत्री के निर्देश पर तामिया और सौंसर परियोजना की समीक्षा करने आये है। सरकार का उद्देश्य भारिया, सहरिया और बैगा जाति के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाना है। उन्होने बताया कि भारिया, सहरिया और बैगा जातियों के लोगों की प्रदेश में संख्या लगभग 40 हजार है। उनके रहने पानी एवं स्वास्थ्य आदि के बारे में जानकारी लेंगे, वे आज रात पातालेकोट के गांव में अधिकारियों के साथ रात बितायेंगे और उनकी समस्याओं को जानेंगे।

उनसे यह पूछा गया कि जंगलो में अवैध कटाई हो रही है, उस पर उन्होने कहा कि आदिवासी आवासीय पट्टा पाने के लिए कटाई कर रहे हैं और मैं इस पक्ष में नहीं हूं कि बन्दूक के बल पर उन्हे कटाई करने से रोक संकू।

### मंत्री को महुआ का भाव नहीं मालूम

वनधन केन्द्र बन्द पड़े है, वनविभाग महुआ नहीं खरीद रहा है, इस पर मंत्री ने कहा कि समर्थन मूल्य से कम मूल्य होगा तो हम खरीदेंगे समर्थन मूल्य 35 रूपये किलो है, जबकि बाजार भाव 25 से 30 रूपये बिक रहा है। मंत्री जी से पूछा गया कि महुआ का बाजार भाव क्या है तो उन्होने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है मैं विभाग से पूछता हूं।

### चीतों को गांधी सागर में शिफ्ट कर रहे

कूनों में चीते की मृत्यु को लेकर उन्होने कहा कि क्षमता से ज्यादा चीते है, उन्हें गांधी सागर में शिफ्ट किया जा रहा है।

0 अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोडी चौकी के ग्राम नहेरिया के कोल पड़ाव के पास मिली सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम ने प्रमोद सालवंशी उम्र 25 वर्ष एवं चंपालाल उम्र 35 वर्ष दोनों निवासी तूमडी निवासी दोनों व्यक्तियों के पास से विस्फोटक सामग्री बारूद को को अवैध रूप से छुपा कर रखने एवं विस्फोटक लाइसेंस का उल्लंघन करते पाए जाने पर पांच एवं नो (बी) विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की।

## शौर्य क्लब् इटावा ने छिंदवाड़ा प्रीमियर लीग टी20 का खिताब अपने नाम किया



छिंदवाड़ा। फाइनल मैच शौर्य क्लब इटावा व अग्रवाल इंफोटेक के मध्य खेला गया।जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए शौर्य क्लब इटावा ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाए। जिसमे 52 रन विजय यादव व 40 रन जयवीर ने बनाये।अग्रवाल इंफोटेक के गेंदबाज ललित यादव व विंनोद कुमार ने 2-2 विकेट लिए।188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अग्रवाल इंफोटेक 19.5 ओवर में 171 रनों पर आलआउट हो गयी।अग्रवाल इंफोटेक के बल्लेबाज आर संजय ने 63 व अक्षय वाडकर ने 45 रन बनाए ने बनाये।शौर्य क्लब् इटावा के गेंदबाज विपिन चंद्रा ने 3 विकेट लिए।मैच 16 रनों से शौर्य क्लब् इटावा ने जीतकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम शौर्य क्लब् इटावा को 2 लाख 50 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी व उपविजेता टीम अग्रवाल इंफोटेक को 1 लाख रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई।टूर्नामेंट के बेस्ट बेटर सत्यम को 11 हजार रुपये ,बेस्ट बॉलर प्रथम सलूजा को 11 हजार, टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सत्यम को 21 हजार रुपये का नगद पुरुस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री विवेक बंटी साहू, संतोष तिवारी जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी ,भाजपा जिला कार्यालय मंत्री अलकेश लाम्बा, संतोष शर्मा , संदीप मालवीय, भीष्म प्रताप चौहान, अंकित सिंग राजपूत, सचिन सहारे, विनोद जोशी, शैलेश करमरकर, मनीष बंदेवार उपस्थित रहे।

## विस्फोटक सामग्री को पुलिस ने किया जप्त

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोडी चौकी के ग्राम नहेरिया के कोल पड़ाव के पास मिली सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम ने प्रमोद सालवंशी उम्र 25 वर्ष एवं चंपालाल उम्र 35 वर्ष दोनों निवासी तूमडी निवासी दोनों व्यक्तियों के पास से विस्फोटक सामग्री बारूद को को अवैध रूप से छुपा कर रखने एवं विस्फोटक लाइसेंस का उल्लंघन करते पाए जाने पर पांच एवं नो (बी) विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की।

## सभापति ने लोकनिर्माण शाखा की निविदा पर आपत्ति लगाई

**परासिया-** नगर पालिका लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी ने गुरुवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी परासिया को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि वर्तमान में नगर पालिका में जो निविदाएं आमंत्रित की गई है उसमें अत्यधिक कम प्रतिशत में डाले गए टेंडर में गुणवत्ता का निर्धारण करने हेतु ठेकेदारों से दर विश्लेषण (Rate Analysis) मांगा जाए ताकि सभी प्रकार के निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जा सके नगर पालिका के द्वारा जो निविदाएं आमंत्रित की गई थी उसमें ठेकेदारों के द्वारा एसओआर रेट से अत्यधिक कम दर पर निविदा प्राप्त हुयी है जबकि विभाग द्वारा 10 प्रतिशत तक कम रेट पर टेंडर आने पर परफारमेंस गारंटी ली जाती है और 10 प्रतिशत से भी अधिक कम रेट पर अगर कोई टेंडर आता है तो उनसे एडिशनल परफारमेंस गारंटी ली जाती है और वर्तमान समय में 10त्न से अधिक कम रेट पर टेंडर प्राप्त हुए हैं जिससे कहीं ना कहीं आशंका ज़ाहिर की जाती है की ठेकेदारों के द्वारा कम रेट पर काम लेने के कारण गुणवत्ता पूर्ण कार्य ना होने की संभावना होती है जिससे भविष्य में उस कार्य को दुबारा कराये जाने कि आवश्यकता पड़ती है जिससे जनमानस और सरकार दोनों का नुकसान होता है लोक निर्माण विभाग का सभापति होने के नाते सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराये जाने कि जिम्मेदारी हमारे विभाग कि है ओउर हमारी टीम गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं करेगी और जिन ठेकेदारों ने इतने कम रेट पर टेंडर लिए हैं उनसे परिषद् जानना चाहती है कि इतने कम रेट पर वह गुणवत्तापूर्ण काम कैसे करेंगे इस हेतु आज लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी के द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को एक पत्र के माध्यम से समस्त ठेकेदारों से दर विश्लेषण की मांग की है ताकि उससे यह निश्चित किया जाए की कम रेट पर टेंडर लेने पर निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ही होंगे ।

## पिकअप वाहन ने बुजुर्ग को मारी टक्कर,

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत अमरवाड़ा छिंदवाड़ा एनएच 547 मैं भूमका घाटी मैं विगत दिनों पिपरिया मानू निवासी सदावत शाह पिता मजीद उम्र 56 वर्ष को वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 4509 का चालक जय राम निवासी देवता मऊ थांना छपारा में लापरवाही पूर्वक तीव्र गति से वाहन चलाकर एक्सीडेंट कर घायल कर दिया।

## पुलिस के हत्थे चढ़े 7 आरोपी गिरफ्तार

### महादेवपुरी कोयला खदान हुई चोरी पुलिस ने किया खुलासा



**परासिया।** पेंच कोयला क्षेत्र की भूमिगत कोयला खदान के प्रबंधक शैलेंद्र अग्रवाल ने 16 मई को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी , कि उनकी कोयला खदान परिसर में स्थित स्टोर रूम से एल एच डी मशीन चलाने का सामान चोरी हो गया है । जिसके बाद पुलिस ने सक्रिय दिखाते हुए मुखबिर और अन्य स्रोतों का सहारा लेते हुए कुछ दर्जनभर संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की , तो पता चला कि , आरोपियों द्वारा तांबा पीतल का सामान चोरी कर चांदामेटा के एक कबाड़ी को बेचा गया । जहां से पुलिस ने चोरी गया माल बरामद कर घटना में संलिप्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया । जहां से सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया । मिली जानकारी के अनुसार 16 मई की सुबह खदान के स्टोर कीपर द्वारा जब स्टोर रूम खोला गया तो वहां रखा एल एच डी मशीन चलाने का सामान नदारद मिला । कर्मचारी ने प्रबंधक को सूचना दी तो खदान प्रबंधक और अन्य कर्मचारी स्टोर रूम पहुंचे । जहां देखा कि लकड़ी के बॉक्स में रखा 5 नग प्लग और सॉकेट , 2 नग ड्रिल प्लग , लोहे के बॉक्स में रखें 5 नग बसवार नहीं थे । बक्सों के ताले टूटे हुए थे । स्टोर रूम के पीछे की सीमेंट शीट टूटी थी । वहीं पीछे लगी फाइबर की सीटें भी फैली हुई थी । इसके बाद खदान प्रबंधक द्वारा पुलिस को सूचना दी गई । सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी अनिल शुक्ला की निर्देशन पर थाना प्रभारी केवल सिंह परते , प्रधान आरक्षक वीरेंद्र पाल , श्याम ठाकरे , आजब राव , आरक्षक मंगल सिंह , विनोद नवीन , रमन सिंह और अजय द्विवेदी की टीम चोरों की तलाश में जुट गई सट्टा मार्केट मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी परासिया वार्ड 2 ईडीसी निवासी 38 वर्षीय मोंटी उर्फ़ अब्दुल रियाज , 24 वर्षीय अंसार खान , वार्ड 3 टेक मोहल्ला मस्जिद के पास का निवासी 33 वर्षीय वशीम खान , 22 वर्षीय अनीश उर्फ़ अन्नू , वार्ड 12 भमोड़ी निवासी 36 वर्षीय अकबर खान को पकड़कर उनसे सख्ती से पूछताछ की । इन आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने परासिया वार्ड 5 मैग्जीन लाइन निवासी 35 वर्षीय मनजीत सिंह उर्फ पप्पू के साथ मिलकर चोरी की है और चोरी किए गया सामान वार्ड 11 चांदामेटा के कबाड़ी 30 वर्षीय शेख कामरान को बेचा है । आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कामरान के पास से सारा माल बरामद किया । जिसमें 1,91000 रुपए कीमत का पीतल का सामान , 15000 रुपए कीमत का तांबे का सामान शामिल है । इसके अलावा पुलिस ने घटना में शामिल दो मोटरसाइकिल भी जब्त की है । सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया और वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया । सभी आरोपियों के ऊपर परासिया और उमरेठ थाना क्षेत्रों में पहले से मामले दर्ज हैं । कोयला खदानों से कोयला और अन्य सामानों की चोरी को रोकने के लिए पेंच कोयला प्रबंधन द्वारा सभी संचालित खदानों में सीआईएसएफ ( केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ) की तैनाती रखी गई है । जिसके लिए वेकोलि प्रबंधन हर माह करोड़ों खर्च करता है । बावजूद इसके खदानों से कोयला और लोहा चोरी की घटनाएं गाहे - बगाहे सामने आती रहती हैं । महादेवपुरी में पीतल और लोहे का सामान चोरी होने की घटना के कुछ दिन बाद 24 म ई को पेंच कोयला क्षेत्र की उरधन कोयला खदान से ठेका मजदूरों के द्वारा डेटोनेटर चुराए जाने का मामला भी सामने आया था






भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश , पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा जी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों, सांसद, विधायक और निगम मंडल के अध्यक्ष- उपाध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया।



बीडी शर्मा पहुंचे गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के बंगले बंद कमरे में महत्वपूर्ण चर्चा।

# देर रात जोरदार आंधी के साथ गिरा पानी कई शहरों में बदला मौसम का मिजाज

**भोपाल।** एमपी में मौसम लगातार बदल रहा है। गुरुवार को नौतपा शुरु हुआ लेकिन ज्यादा गर्मी नहीं पड़ी। इधर देर रात मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। राजधानी भोपाल सहित एमपी के कई शहरों में तेज आंधी चली जिससे कई पेड़ गिर गए। आंधी के साथ कई जगहों पर बारिश भी हुई।

बताया जा रहा है कि भोपाल के अलावा मंदसौर, विदिशा और सीहोर में आंधी आई- गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात मौसम के तेवर अचानक सख्त हो गए। एमपी के कई शहरों में तेज हवाएं चलने लगीं और हल्का–हल्का पानी भी गिरा। राजधानी भोपाल और इसके आसपास के इलाकों में आंधी आई। देर रात करीब 3 बजे चली इस आंधी के कारण बिजली चली गई जिससे लोग बेहाल हो उठे। बताया जा रहा है कि भोपाल के अलावा मंदसौर, विदिशा और सीहोर में



आंधी आई। रात करीब 3 बजे मौसम बदला और तेज हवाएं चलने लगीं, कई जगहों पर पानी भी गिरा- राजधानी में तो आंधी और तेज हवा के कारण खासी दिक्कतें आईं। रात करीब 3 बजे मौसम बदला और तेज हवाएं चलने लगीं। कई जगहों पर पानी भी गिरा। आंधी पानी का यह मौसम करीब 2 घंटे तक बना रहा। आंधी चलने से चार इमली इलाके सहित कई अन्य इलाकों में अनेक पेड़ गिरे। इधर भोपाल के अनेक हिस्सों में बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई। भरी गर्मी में रात में बिजली चले जाने से पंखे, कूलर, एसी बंद हो गए जिससे लोग परेशान हो उठे। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी से सटे विदिशा और सीहोर जिले में भी आंधी आई - मंदसौर में भी आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी से सटे विदिशा और सीहोर जिले में भी आंधी आई जिससे बिजली गुल हो गई।






आज वार्ड 50 ईश्वर नगर में 25 लाख की लागत से सड़क,नाली, पेविंग ब्लॉक कार्य का भूमिपूजन किया इस अवसर पर पार्षद सुषमा बविषा, भाजपा जिला उपाधक्ष सीमा सिंह एवम अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय - राजयोग भवन भोपाल के मुक्ताकाश सभागार गार्डन में नि:शुल्क योग प्रशिक्षण आज से प्रारम्भ हुआ




**भोपाल।** शुभ चिंतन, नियमित योग अभ्यास, अच्छी नींद, एवं प्राकृतिक चिकित्सा से व्यक्ति आजीवन स्वस्थ रहता है - योग गुरु महेश अग्रवाल प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय - राजयोग भवन भोपाल के मुक्ताकाश सभागार गार्डन में प्रातः 5:30 बजे से 6:30 बजे तक नि:शुल्क योग प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ सभी वर्ग के महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल हो सकते है प्रशिक्षण नि:शुल्क है कोई अवकाश नहीं रहेगा। आज पहली योग प्रशिक्षण कक्षा में बी के सुरेशभाई, बी के सनातनभाई, वरिष्ठ आर्किटेक्ट नवनीत पाण्डेय, प्रियांशुभाई, बी के लीलाबहन, बी के अभिलाषाबहन, बी के विमलाबहन, बी के सरिताबहन सहित योग साधक भाई बहन उपस्थित रहें। योग गुरु महेश अग्रवाल ने योग प्रशिक्षण की शुरुआत करते हुए सूक्ष्म अभ्यास का महत्व बताया एवं योग अभ्यास से किस प्रकार हम शारीरिक मानसिक एवं भावनात्मक रुप से स्वस्थ रहते हैं । हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है निर्णय लेने की क्षमता एवं दूरदर्शिता में परिवर्तन से कार्यों में सफलता मिलती है। योग का अर्थ है जुड़ना, एकात्मता। सबके सुख-दुःख से जुड़ें। अपने हृदय को उदार बनायें और जीवन की क्षुद्रताओं से ऊपर उठें।

# टॉप टेन में गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल के 2 बच्चों ने स्थान हासिल किया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश हर सेकेंडरी बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में ईदगाह हिल्स स्थित गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल शानदार उपलब्धि हासिल की है टॉप टेन में विद्यालय के 2 बच्चों ने स्थान हासिल किया है हर्षिता नारायणी ने 5 वी रैंक एवं



चारु मतानी ने 10 वीं रैंक हासिल की है स्कूल की प्राचार्य सुरजीत कौर ने बताया कि दसवीं का परीक्षा परिणाम 89.4त्न और 12वीं का परीक्षा परिणाम 8त्न रहा है दसवीं की परीक्षा में 24 बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि 12वीं परीक्षा में 26 बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया बच्चों की उपलब्धि पर गुरु नानक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सचिव कर्नल डॉक्टर के एस सलूजा एवं कोषाध्यक्ष सरदार जे बी सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 1990 में स्थापित इस स्कूल में यह तीसरा अवसर है जब यहां के छात्रों ने प्रथम 10 में स्थान हासिल किया है प्राचार्य सुरजीत कौर ने बताया कि इन बच्चों ने एकेडमिक के साथ ही को करिकुलर एक्टिविटीज में भी अपनी भागीदारी की है ईदगाह हिल्स स्थित गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल में इस समय 800 से अधिक छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

# बुन्देलकेसरी महाराजा छत्रसाल जी का 375 वा जन्मोत्सव श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से मनाया



**भोपाल।** सर्वधर्म समभाव के परिचायक बुन्देलकेसरी महाराजा छत्रसाल जी का जन्मोत्सव सोमवार को लिंक रोड न.2 स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया । मंदिर संस्थापक सदस्य पंडित भीखराज त्रिपाठी और नरेंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि छत्रसाल जी ने सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ सभी धर्मों के लोगो को जोड़ते हुए मुगलों और औरंगजेब से लगातार युद्ध लड़े । कानपुर से होशंगाबाद, मुरैना से इलाहाबाद तक लगभग 1200 से 1500 किलोमीटर तक उन्होंने अपना साम्राज्य स्थापित किया । बुंदेलखंड में पन्ना उनकी राजधानी रही । इस अवसर पर प्रो संजना शर्मा और डॉ कामिनी तिवारी ने भी छत्रसाल जी के जीवन वृत पर प्रकाश डाला । विदुषी मीना त्रिपाठी ने बताया कि छत्रसाल जी के आध्यात्मिक गुरु महामति प्राणनाथ जी ने उन्हें आशीर्वाद स्वरूप वरदान दिया था कि जहाँ जहाँ आपका घोड़ा पग रखेगा वह भूमि हीरा प्रदत्त भूमि कहलाएगी । इस संबंध में एक प्रचलित चौपाई है । ..छत्ता तेरे राज में धक धक धरती होए । जित जित घोड़ा पग धरे तित तित हीरा होए । इस अवसर पर सत्यभूषण शर्मा,अतुल दुबे,श्रीकांत शर्मा, राजकुमार दुबे, महेंद्र शर्मा, संदेश शर्मा, ब्रजमोहन शर्मा, पुजारी अमरनाथ शर्मा,मुस्कान शर्मा,पन्ना लाल द्विवेदी,डॉ जिग्नेश शर्मा और सक्षम शर्मा ने भी महाराजा छत्रसाल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला । मंदिर सचिव पंडित मम्तेश शर्मा और कोषाध्यक्ष रजनीश त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 72 हजार रुपये की ठगी

**भोपाल।** अवधपुरी में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। शातिर जालसाल ने क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर फरियादी से 72 हजार रुपये ठग लिए। जालसाज ने उसे फोन कर बातों में उलझाया और आरबीएल और एसबीआइ क्रेडिट कार्ड का नंबर पूछा और मोबाइल पर आए ओटीपी से तीन बार में रकम निकाल ली। घटना का पता चलने पर उन्होंने क्राइम ब्रांच की साइबर पुलिस में लिखित शिकायत की थी। जांच के बाद पुलिस ने शून्य पर केस दर्ज कर डायरी अवधपुरी थाना पुलिस को भेज दी है। जहां पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।



थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि खजूरी कलां निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र दीवान सिंह ( 33 ) ग्लास डिजाइनिंग का काम करता था। लॉकडाउन के दौरान कारोबार में नुकसान होने के बाद उन्होंने ग्लास का काम बंद कर निजी काम शुरू कर दिया। 15 मार्च को वह अपनी दुकान पर था। तभी उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। काल करने वाले ने उन्हें अपने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने को कहा और नाम व पता के साथ कार्ड का नंबर पूछा। थोड़ी देर में उनके मोबाइल पर ओटीपी आया। इसके बाद आरोपित ने लिमिट चेक करने का कहकर उससे ओटीपी पूछ लिया। इस तरह उसने तीन बार में उनके दोनों क्रेडिट कार्ड से करीब 72 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपित का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग का कर्मचारी रिश्वत लेते पकड़ा गया

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को राज्य सूचना आयोग के कर्मचारी को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा है। आरोपित ने फरियादी से सूचना की जानकारी देने के नाम पर बीस हजार रुपये की मांग की थी। लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक मोहम्मद हारून नीलगर निवासी ग्राम उमर तहसील सिंगोली जिला नीमच ने अपने भू स्वामित्व के संबंध में दस्तावेज प्राप्त करने के लिए सूचना के अधिकार के तहत अपनी ग्राम पंचायत उमर में आवेदन किया था। अपूर्ण जानकारी मिलने पर उसने प्रथम अपील अधिकारी जनपद पंचायत जावरा के पास अपील की। वहां से भी जानकारी प्राप्त न होने पर 24 मई को राज्य सूचना आयोग अरेरा हिल्स भोपाल में अपील लगाने पहुंचा था, जहां पर पदस्थ अकाउंट शाखा के कर्मचारी बृजेश पुत्र पद्मनाथ कुशवाह निवासी ईश्वर नगर मीरा मंदिर ने रजिस्ट्रेशन कराकर अपील पर जल्दी कार्रवाई करने के लिए 20 हजार रुपये की मांग की। इसकी शिकायत आवेदन हारून ने 24 मई को ही पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त मनु व्यास से की। शिकायत के सत्यापन के बाद तत्काल ही लोकायुक्त दल ने पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कार्रवाई कर साईं बाबा बोर्ड चौराहे पर आरोपित को फरियादी हारून से पांच हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। आरोपित के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# भोपाल टेरर फंडिंग मामले में एनआइए ने उप्र में दो जगह छापेमारी की

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पिछले वर्ष भोपाल से गिरफ्तार प्रतिबंधित संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के संदिग्ध आतंकियों को आर्थिक सहायता देने के मामले में गुरुवार को उत्तर प्रदेश में दो स्थानों पर छापेमारी की। इस मामले में भोपाल में 10 आरोपितों के विरुद्ध एनआइए कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया गया था। इनके षड्यंत्र और अन्य गठजोड़ का पता लगाने के लिए उप्र में छापेमारी की गई।

बता दें कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से छह बांग्लादेशी नागरिक और जेएमबी के सक्रिय सदस्य हैं, जो अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर गए थे। उन्होंने जेएमबी के हमदर्दों की मदद से अपनी पहचान के झूठे और जाली भारतीय दस्तावेज बनवा लिए थे। एनआइए ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न संदिग्धों के यहां बुधवार को तलाशी ली गई और इसमें कई डिजिटल उपकरण जैसे मोबाइल फोन, सिम कार्ड, बैंक पासबुक और पहचान दस्तावेज जब्त किए गए। जिन दस्तावेजों की जांच की जा रही है, वे आरोपितों द्वारा धन के हस्तांतरण के संदिग्ध लेन-देन से संबंधित हैं।




एनआइए ने दावा किया है कि गिरफ्तार किए गए सभी 10 आरोपित देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध %जिहाद% करने के लिए कमजोर भारतीय मुस्लिम युवाओं को प्रभावित करने, कट्टरपंथी बनाने और प्रेरित करने में शामिल थे। उन्होंने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम सहित विभिन्न राज्यों में मजबूत नेटवर्क बना लिया था।

# मंगल से 16 मिनट में धरती पर पहुंचा सिग्नल, चार ट्रांसमीटर पर रिसीव !

**नई दिल्ली।** मंगल ग्रह से पहली बार पृथ्वी पर कोई सिग्नल मिला। ये सिग्नल किसी एलियन ने नहीं बल्कि यूरोपियन स्पेस एजेंसी के एक्सोमार्स ट्रेस गैस ऑर्बिटर (ञ्जत्वह्र) ने भेजा है। ये सिग्नल मंगल के ऑर्बिट में घूम रहे ञ्जत्वह्र ने 24 मई की रात 9 बजे भेजा, जो 16 मिनट बाद पृथ्वी पर रिकॉर्ड हुआ। ञ्जत्वह्र से भेजे गए सिग्नल को वेस्ट वर्जीनिया के ग्रीन बैंक टेलीस्कोप, इटली के मेडिसिना रेडियो एस्ट्रोनॉमिकल स्टेशन, कैलिफोर्निया के एलन टेलीस्कोप ऐरे और न्यू मैक्सिको के वेरी लार्ज ऐरे ने रिसीव किया था।

ये एक्सपेरिमेंट 'ए साइन इन स्पेस' प्रोजेक्ट के तहत किया गया। इस प्रोजेक्ट का मकसद ये है कि अगर किसी दूसरे ग्रह या एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल सिविलाइजेशन (एलियन्स) से हमारी धरती पर कोई सिग्नल भेजा जाएगा



तो उसे हम रिसीव कर पाएंगे या नहीं। सर्च फॉर एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल इंटेलिजेंस इंस्टीट्यूट (स्श्वञ्जढ्ढ) के साइंटिस्ट और 'ए साइन इन स्पेस' प्रोजेक्ट के चीफ डेनिएला डी पॉलिस ने कहा- हमने हमेशा शक्तिशाली और परिवर्तनकारी घटनाओं का मतलब ढूंढने की कोशिश की है। एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल सिविलाइजेशन (एलियन्स) से सिग्नल या मैसेज मिलना पूरी मानव जाति के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी अनुभव होगा।

**सिग्नल डीकोड के लिए मदद मांगी-** डी पॉलिस ने इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स और स्पेस साइंटिस्ट्स की अपनी टीम के साथ मिलकर लोगों से मंगल ग्रह से मिले इस सिग्नल को डीकोड करने के लिए मदद मांगी है। उनके मुताबिक, डिकोडिंग की प्रोसेस से पता चलेगा कि आखिर पृथ्वी पर भेजे गए सिग्नल या मैसेज में क्या लिखा है। कहा जा रहा है कि डी पॉलिस और उनकी टीम ने इस सिग्नल या मैसेज को डीकोड करने के लिए एक दूसरा प्रोजेक्ट बना लिया है। साथ ही सिग्नल या मैसेज को डीकोड कर लिया है।

# महिमा यादव ने बढ़ाया जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 9 एवं जिले का गौरव



**नर्मदापुरम।** वार्ड क्रमांक 9 के जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह गुर्जर नेग्राम पाटनी की होनहार बिटियाकुमारी महिमा यादव पिता गौरी शंकर यादव जिले में फर्स्ट रैंक पर तीसरे नंबर पर प्रदेश में नौवें नंबर पर स्थान प्राप्त कर 12वीं क्लास में फर्स्ट रैंक पर आने पर हार्दिक बधाई दी हैसाथ ही 10वीं एवं 12वीं में जिले के सभी पास छात्र-छात्राओं को भी बहुत शुभकामनाएं दी उन्होंनेगौरी यादव की बिटिया नेफर्स्ट रैंक लाकर जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 9 नर्मदा पुरम समूचे जिले का प्रदेश ही नहीं अपितु देश में गौरव बढ़ाया है उनके माता पिता एवं शिक्षकों कोभी साधुवाद दिया।